


रविवार, 6 अप्रैल 2025

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, चैत्र शुक्लपक्ष नवमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये





स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : दुनिया का सबसे बड़ा गलत इंसान वो है जो हर समय वही सही है।

## वक्फ संशोधन विधेयक बना कानून, संसद के बाद राष्ट्रपति मुर्मू की भी मंजूरी

**नयी दिल्ली :** संसद के दोनों सदनों में मैराथन चर्चा के बाद यूनिफाइड वक्फ मैनेजमेंट एंपावरमेंट, एफिशिएंसी एंड डेवलपमेंट विधेयक (उम्मीद) 2024 राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद कानून बन गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस विधेयक को शनिवार देर रात अपनी मंजूरी दे दी। इस विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद सरकार ने अधिसूचना के माध्यम से अधिसूचित कर दिया। इस विधेयक को लोकसभा ने 3 अप्रैल और राज्यसभा ने चार अप्रैल को पारित किया था। इस कानून में कई



नए प्रावधान जोड़े गए हैं। इस कानून में कई प्रावधानों में संशोधन किया गया है। इसके तहत वक्फ बोर्ड अब किसी भी संपत्ति पर मनमाने तरीके से दावा नहीं कर सकता है। विवाद की स्थिति में अदालत में भी चुनौती दी जा सकती है और पांच साल तक इस्लाम का पालन करने वाला ही वक्फ को संपत्ति दान कर सकता है। इसके अलावा आदिवासी बहुल राज्यों और इलाकों में जमीन सहित अन्य संपत्तियों को वक्फ संपत्ति घोषित नहीं की जा सकेगी। इसके अलावा वक्फ की ऐसी संपत्ति जो राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज नहीं है, उसको बचा पाना मुश्किल होगा।

## आज रामनवमी जुलूस को लेकर ममता सरकार सख्त, राज्यभर में बढ़ाई सुरक्षा

- 6000 पुलिस कर्मी की तैनाती, ड्रोन से निगरानी की व्यवस्था
- 10 संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी के लिए 29 वरिष्ठ अधिकारियों की तैनाती
- आज नवान्न खुला रहेगा, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी करेंगे निगरानी

**कोलकाता, समाज्ञा :** रविवार को रामनवमी जुलूस के दौरान हिंसा और गड़बड़ी की आशंका के मद्देनजर पुलिस सुरक्षा सख्त कर दी गई है। राज्य में अशांति को रोकने के लिए कड़े कदम उठाए गए हैं। मौजूदा राजनीतिक स्थिति के कारण पुलिस हाई अलर्ट पर है और पुलिस कर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई है। रामनवमी जुलूस को लेकर आला पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। राज्य सचिवालय नवान्न खुला रहेगा। राज्य पुलिस ने 10 संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी के लिए 29 वरिष्ठ अधिकारियों को तैनात किया है, जिसमें 6 पुलिस आयुक्तालय और चार जिला पुलिस क्षेत्र शामिल हैं- हावड़ा, बैरकपुर, चंदननगर, मालदह, इस्लामपुर, आसनसोल-दुर्गापुर, सिलीगुड़ी, हावड़ा ग्रामीण, मुर्शिदाबाद और कूचबिहार। हावड़ा को प्राथमिकता दी गई है, जहां पहले भी हिंसा की घटनाएं हुई हैं, जिले की कानून-व्यवस्था की निगरानी के लिए छह वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों को नियुक्त किया गया है। पुलिस प्रशासन ने रामनवमी का त्यौहार सुचारू रूप से मनाने के लिए राज्य भर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। अशांति की आशंका के कारण, उच्चतम प्रशासनिक स्तर पर निगरानी करने के लिए इस बार नवान्न को खुला रखने का निर्णय लिया गया। राज्य का मुख्य प्रशासनिक भवन रविवार को अवकाश होने के बावजूद खुला रहेगा। पुलिस नियंत्रण कक्ष खुला रहेगा। एडीजी कानून-व्यवस्था जावेद शमीम वहां बैठकर व्यक्तिगत रूप से हर चीज पर नजर रखेंगे। अन्य शीर्ष पुलिस अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

रामनवमी पर राज्य भर में लगभग 250 जुलूस निकाले जाने की उम्मीद है।

## पूरे अमेरिका में ट्रंप और मस्क के खिलाफ प्रदर्शन की योजना

**वाशिंगटन :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और कारोबारी एलन मस्क के विरोधियों ने सरकारी नौकरियों से छंटनी, अर्थव्यवस्था, मानवाधिकार और अन्य मुद्दों पर प्रशासन की कार्रवाई के खिलाफ शनिवार को पूरे देश में रैली करने की योजना बनाई है। नागरिक अधिकार संगठनों, श्रमिक संघों, एलजीबीटीक्यू प्लस, अधिवक्ताओं, पूर्व सैन्यकर्मियों और चुनाव कार्यकर्ताओं सहित 150 से अधिक समूहों द्वारा 1,200 से अधिक प्रदर्शनों की योजना बनाई गई है। वाशिंगटन में नेशनल मॉल, सभी 50 राज्यों की राजधानियों और अन्य स्थानों पर प्रदर्शन की योजना बनाई गई है।






## उम्मीद है कि श्रीलंका तमिल समुदाय की आकांक्षाओं को पूरा करेगा: प्रधानमंत्री मोदी



श्रीलंका ने प्रधानमंत्री मोदी को अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'मित्र विभूषण' से सम्मानित किया

- 21 तोपों की सलामी दी गई

**कोलंबो :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके को बताया कि भारत कोलंबो से तमिल समुदाय की आकांक्षाओं को पूरा करने और प्रांतीय परिषद के चुनाव कराने की अपेक्षा रखता है। इस मुद्दे पर यहां मोदी और दिसानायके के बीच व्यापक बातचीत के दौरान चर्चा हुई। इसके अलावा, प्रधानमंत्री मोदी ने श्रीलंका के उत्तरी और पूर्वी प्रांतों के तमिल नेताओं के एक समूह से मुलाकात की और समुदाय के कल्याण के लिए काम करने की भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया। श्रीलंका में तमिल समुदाय श्रीलंका के संविधान में किये गए 13वें संशोधन को लागू करने की मांग कर रहा है, जो उन्हें सत्ता में भागीदारी एवं शक्तियों का हस्तांतरण प्रदान करता है। वर्ष 1987 के भारत-श्रीलंका समझौते के बाद 13वां संशोधन लाया गया था। मोदी ने दिसानायके के साथ वार्ता के बाद मीडिया को दिए गए अपने बयान में आशा व्यक्त की कि कोलंबो देश के संविधान को पूरी तरह लागू करने की अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करेगा।

### भारत और श्रीलंका के बीच महत्वपूर्ण रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर

भारत और श्रीलंका ने पहली बार सैन्य क्षेत्र में गहन सहयोग के लिए एक ढांचे को संस्थागत बनाने के संबंध में शनिवार को प्रमुख रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि दोनों देशों की सुरक्षा एक दूसरे से जुड़ी हुई है और एक दूसरे पर निर्भर है। यह महत्वपूर्ण समझौता श्रीलंका में भारतीय शांति रक्षा सेना (आईपीकेएफ) के हस्तक्षेप के लगभग चार दशक बाद हुआ है, जिससे दोनों देशों के बीच रक्षा संबंधों में बेहतरी का संकेत मिलता है। प्रधानमंत्री मोदी और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के बीच वार्ता के बाद दोनों पक्षों ने कुल सात समझौतों पर हस्ताक्षर किए, जिनमें त्रिंकोमाली को ऊर्जा केंद्र के रूप में विकसित करने तथा पावर ग्रिड कनेक्टिविटी पर एक समझौता शामिल है। त्रिपक्षीय ढांचे के तहत त्रिंकोमाली को ऊर्जा केंद्र के रूप में विकसित करने से संबंधित समझौता में संयुक्त अरब अमीरात भी शामिल है।

## जगुआर लैंड रोवर ने ब्रिटेन में बने वाहनों का अमेरिका को निर्यात रोका

**नयी दिल्ली :** टाटा मोटर्स के स्वामित्व वाली इकाई जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) ने शुल्क संरचना में बदलाव को ध्यान में रखते हुए ब्रिटेन में स्थित अपने विनिर्माण संयंत्रों से अमेरिका को वाहनों का निर्यात रोक दिया है। लक्जरी वाहन बनाने वाली जेएलआर के एक प्रवक्ता ने एक बयान में यह जानकारी दी। कंपनी प्रवक्ता ने कहा, अमेरिका जेएलआर के लक्जरी ब्रांडों के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है। हम अपने व्यापारिक भागीदारों के साथ नई व्यापारिक शर्तों की दिशा में काम कर रहे हैं। हम अपनी अल्पकालिक कार्रवाइयों को लागू कर रहे हैं, जिसमें अप्रैल में निर्यात खेप रोकना भी शामिल है। हम अपनी मध्यावधि से लेकर दीर्घावधि तक की योजनाएं बना रहे हैं। आयातित कारों पर ट्रंप प्रशासन का 25 प्रतिशत शुल्क लगाने का फैसला तीन अप्रैल से लागू हो गया है।


## यूजीसी ने विदेशी संस्थानों से प्राप्त शैक्षणिक योग्यता को मान्यता देने के नियमों की घोषणा की

**नयी दिल्ली :** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने विदेशी संस्थानों से प्राप्त शैक्षणिक योग्यता को मान्यता देने और समकक्षता प्रदान करने की प्रक्रिया को कारगर बनाने के लिए शनिवार को नए नियमों की घोषणा की। यूजीसी (विदेशी शैक्षणिक संस्थानों से प्राप्त योग्यताओं को मान्यता और समकक्षता प्रदान करना) नियम-2025, विदेशी संस्थानों के अपतटीय परिसरों से प्राप्त योग्यताओं को मान्यता देने की अनुमति देता है, बशर्ते वे विशिष्ट मानदंडों को पूरा करते हों। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नियम भी भारतीय संस्थानों में स्नातक और समकक्ष कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए निर्धारित शर्तों के अधीन विदेशी स्कूल स्तर की योग्यता निर्धारित करते हैं।








## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 6 अप्रैल, रविवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, चैत्र शुक्लपक्ष नवमी, 19:28 तक, नक्षत्र : पुनर्वसु, 05:29 तक, योग : सुकर्माण, 18:57 तक, सूर्योदय: 5:26, सूर्यास्त: 17:54, चन्द्रोदय : 12:12, चन्द्रास्त: 01:17, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, अमान्ता महीना, सूर्य राशि : मीन, चन्द्र राशि : कर्क, राहू काल : 16:17 से 17:49

## साप्ताहिक : राशिफल
## 06-04-25 से 12-04-25



**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ :** मेष राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह ठीक-ठाक रहेगा। आपकी सेहत की बात करें तो आप अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें क्योंकि आपकी कुछ आदतें लापरवाही से भरी हुई है। अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए नियमित योगासन करें तो अच्छा रहेगा। आपके व्यापार और व्यवसाय की बात करें तो आप अपने व्यापार में बहुत अधिक मेहनत करें। नहीं तो आपके हाथ से कोई सुनहरा अफसर निकल सकता है। नौकरी वाले जातकों को प्रमोशन मिल सकता है और बॉस की नजरों में आपकी प्रशंसा भी बहुत अधिक होगी।



**वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो :** वृषभ राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह ठीक-ठाक रहेगा। इस सप्ताह आपके स्वास्थ्य की बात करें तो आपका स्वास्थ्य पहले की अपेक्षा बहुत अधिक बेहतर रहेगा। आप अपने स्वास्थ्य का विशेष ख्याल रखेंगे और सुबह-सुबह मॉर्निंग योगासन पर भी ध्यान देंगे। आपके करियर और व्यवसाय की बात करें तो बिजनेस करने वाले जातकों की बात करें तो आपका बिजनेस अच्छा चलेगा। आपको नए कॉन्ट्रैक्ट प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो उनके लिए भी सप्ताह अच्छा रहेगा।



**मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह :** यह सप्ताह मिथुन राशि के जातको स्वास्थ्य के लिए अच्छा रहेगा। आपका स्वास्थ्य एकदम से फिट रहेगा परंतु किसी भी पुरानी बीमारी के कारण आपको थोड़ा सा धन खर्च करना पड़ सकता है। चर्म रोगों से सावधान रहे। इस सप्ताह आपकी वेबसाइट और करियर की बात करें, तो आज आपके व्यापार में आपके नए-नए कांटेक्ट बन सकते हैं। नौकरी वाले जातक अपनी पुराने नौकरी को छोड़कर नई नौकरी प्राप्त कर सकते हैं परंतु वहां पर आपको आपके अधिकारी और सीनियर के साथ तालमेल बनाकर चलना होगा।



**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो :** यह सप्ताह आपके स्वास्थ्य के लिए बहुत अधिक बेहतर रहेगा। आप अपने खाने पीने का बहुत अधिक ध्यान रखें। यह सप्ताह आपके व्यवसाय और करियर को लेकर अच्छा रहेगा। नौकरी करने वाले जातक अपनी नौकरी छोड़कर दूसरे नौकरी चाहते हैं, तो समय अच्छा रहेगा। प्रेम और संबंधों की बात करें, तो आप आपके जीवन में आपका कोई पुराना साथी फिर से आ सकता है। वैवाहिक संबंधों के लिए समय अच्छा रहेगा। आप अपने जीवन साथी के साथ कही बार घूमने के लिए जा सकते हैं।



**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे :** इस सप्ताह आपके स्वास्थ्य की बात करें, तो आप अपने स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखें। आपकी कोई पुरानी बीमारी आपको परेशान कर सकती है। आपके करियर और व्यवसाय की बात करें, तो आपके व्यापार से संबंधित कोई बहुत बड़ा ऑर्डर प्राप्त हो सकता है, जिससे आपकी आय में बढ़ोतरी होगी। नौकरी वाले जातकों को बहुत अधिक मेहनत करने की आवश्यकता है, तभी उन्हें सफलता की प्राप्ति होगी। आपके प्रेम संबंधों की बात करें, तो आप अपने संबंधों को लेकर बहुत अधिक सावधान रहे।



**कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो :** इस सप्ताह कन्या राशि के जातकों के लिए ठीक-ठाक रहेगा। आपकी सेहत की बात करें, तो आपका स्वास्थ्य पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा, परंतु आप अपना परहेज बनाए रखें। आपके व्यवसाय और करियर की बात करें, तो यदि आप घर से बाहर जाकर कहीं दूर व्यापार करते हैं, तो आप अपने घर के आसपास कोई नया व्यापार शुरू करने के लिए ऑफिस खोल सकते हैं। आपका धन व्यर्थ के कामों में में खर्च हो सकता है, जिसके कारण आप मानसिक तनाव में आ सकते हैं।



**तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते :** इस सप्ताह आपकी सेहत की बात करें, तो आपको सिर से या नसों से संबंधित कोई परेशानी थी, तो वह आपको बहुत अधिक परेशान कर सकते हैं। व्यापार करने वाले जातक यदि आप अपना पुराना व्यापार फिर से शुरू करना चाहते हैं, तो आपके लिए समय अच्छा रहेगा। नौकरी करने वाले जातकों को नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती है, वहां पर आपको कुछ नया सीखने के लिए भी मिलेगा। आपका प्रेम संबंधों की बात करें, तो आपका मन अपने प्रेमी को लेकर बहुत अधिक बेचैन होगा।



**वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू :** वृश्चिक राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह ठीक-ठाक रहेगा। आपकी सेहत की बात करें, तो सप्ताह की शुरुआत में आपका शरीर एकदम तंदुरुस्त बना रहेगा, इसमें आपको हाई ब्लड प्रेशर या दिल की धड़कन की अनियमित ता के कारण परेशानी हो सकती है। आपकी व्यवसाय और करियर की बात करें, तो माता आपके व्यापार के लिए बहुत ज्यादा बेहतर रहेगा। नौकरी करने वाले जातक अपनी पुरानी नौकरी में सावधान रहे, वहां आपके साथ पॉलिटिक्स खेली जा सकती है, इसलिए आप नयी नौकरी की तलाश कर सकते हैं।



**धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे :** धनु राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह अच्छा रहेगा। आपकी सेहत की बात करें, तो आपका स्वास्थ्य पिछले सप्ताह की अपेक्षा अच्छा रहेगा। आपके आंखों में यदि कोई परेशानी है, तो आप अपना इलाज अच्छे से करवाये। व्यापार करने वाले जातकों के लिए दिन सबसे अच्छा रहेगा। आप अपने व्यापार में मेहनत और लगन के साथ आगे रहेंगे। नौकरी वाले जातकों के लिए नौकरी में बदलाव करने के लिए सही समय नहीं है। इस समय आपके जीवन में धन कमाने के नए रास्ते आपको नजर आ सकते हैं।



**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी :** मकर राशि के जातकों के लिए सप्ताह अच्छा रहेगा। इस सप्ताह आपकी सेहत की बात करें, तो आपका स्वास्थ्य इस सप्ताह आपके चेहरे पर कील मुंहासे इत्यादि बहुत अधिक हो सकते हैं, जिसके कारण आप बहुत अधिक परेशान हो सकते हैं। आपके करियर की बात करें, तो आपके लिए यह सप्ताह बहुत अधिक यात्राओं वाला रहेगा। आपको नए प्रोजेक्ट प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी वाले जातकों के लिए भी सप्ताह बहुत अधिक अच्छा रहेगा और आपको अपनी कैपेबिलिटी शो करने का पूरा मौका मिलेगा।



**कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा :** आपकी सेहत की बात करें, तो आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। यदि आपको आंखों में किसी प्रकार की समस्या थी, तो वह और अधिक बढ़ सकती है। आपके व्यापार को लेकर सप्ताह बहुत अधिक मेहनत भरा रहेगा। यदि आप बैंकिंग या आईटी फील्ड से जुड़े हुए हैं, तो आपके लिए सप्ताह अच्छा रहेगा। नौकरी वाले जातकों की बात करें, तो यदि आप अपनी नौकरी में बदलाव करना चाहते हैं, तो एक बार फिर से सोच ले, क्योंकि आपकी पुरानी नौकरी में भी आपका प्रमोशन हो सकता है।



**मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची :** मीन राशि के जातकों के लिए सप्ताह अच्छा रहेगा। नौकरी करने वाले जातकों की बात करें, तो यदि आप अपनी नौकरी में बदलाव चाहते हैं। तो अभी अपना फैसला डाल दे व्यापार करने वाले जातकों का आज कोई पुराना कार्य फिर से शुरू हो सकता है। आपकी सेहत की बात करें, तो आप बहुत अधिक ऊर्जावान रहेंगे, परंतु आप अपने परिवार के सदस्यों की तबीयत को लेकर थोड़ा सा परेशान हो सकते हैं।

# आदर्शों के प्रतिमान श्रीराम



घनश्याम बादल

**राम नवमी विशेष :**

श्रीराम का नाम आदर्श जीवनपथ की उस अटल आस्था का नाम है, जो सबसे कहलवा देती है 'राम नाम जगत आधारा, जो सुमिरै सोई उतरहि पारा'। जब भी कोई विपदा आती है तो मुंह से 'हे राम' ही निकलता है और मान्यता है हर विपदा इससे दूर हो जाती है।

**कब जन्मे राम ?**

सुखसागर में राम का जन्म त्रेता में होना माना गया हैं, जिसके अनुसार कलियुग की अवधि 4,32,000 वर्ष है जो कि सबसे छोटा युग है, द्वापर उससे दोगुना व त्रेता उससे भी दोगुना होना मानते हैं इस तरह राम आज से 12 से 14 लाख वर्ष पूर्व हुए। एक अन्य विद्वान तो राम की जन्म तिथि 5414 ईसा पूर्व यानि चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी को ठहराते है।

**सबके पूज्य**

हर वर्ष चैत्र शुक्ल नवमी को श्रीराम का जन्म मनाया जाता है। राम भक्तों के लिए रामनवमी आस्था व विश्वास और अपने आराध्य के प्रति भक्ति का अवसर बनकर आता है। उनके लिए राम मर्यादाओं के पुनर्स्थापक एवं विष्णु के अवतार हैं।

**प्रभुतादायक**

त्रेता में पैदा हुए राम के नाम पर आस्था के मेले लगाना और उनके नाम पर मंदिर बनाने मात्र के आश्वासन से ही जन - जन को लुभा लेना भारत जैसे अद्भुत देश में आम बात है। राम आज भी सत्ता व प्रभुता देने वाले एक बड़े कारक हैं।

**आदर्श के प्रतीक**

मर्यादा पुरुषोत्तम राम, अयोध्या के राजा दशरथ के पराक्रमी बेटे, पितृ आज्ञा के पालक, दुष्टहंता, शोषितों, पीड़ितों के रक्षक, नारी का सम्मान करने व बचाने वाले नायक हैं। अपनी प्रजा के भावों को समझने व उनहे महत्ता देने वाले राम, निष्पक्ष न्याय के बल पर रामराज को आदर्श बना देने वाले ऐसे राजा थे जो अपनी पत्नी का त्याग इसलिए कर देते हैं जिससे प्रजा अपने राजा के प्रति कोई भी संशय न रख सके,और फिर उन्ही के वियोग में इसलिए जल समाधि लेकर देह भी त्याग देते हैं जिससे अनजाने में ही किए गए पाप का प्रायश्चित अपने प्राण भी देकर करने का आदर्श स्थापित हो सके तथा पत्नी के प्रति पति के कर्तव्यों का एक मानक समाज में प्रतिष्ठित किया जा सके। बेशक राम में कुछ तो ऐसा है ही कि वें कालपार



होने का नाम नहीं लेते। विवादों में रहकर भी पूज्य बने रहते हैं। लाखों साल बाद भी श्रद्धा रूप में जीवित रहते हैं।

**मूल्यों के वाहक**

आज भी राम का नाम भारतीय संस्कृति, सभ्यता, संस्कारों के मूल्यों का प्रतीक है। सार रूप में कहें तो राम की छवि आज भी एक आदर्श पुत्र, पति, भाई व शासक की है और इसीसे प्रेरित आम आदमी रामराज के सपने पालता है।

**सर्वगुण संपन्न**

श्रीराम, भक्तों की दृष्टि में विष्णु के पूर्ण अवतार हैं , व्यवहारवादियों की नज़र में वें व एक सर्वगुण संपन्न आदर्श मानव हैं। जनश्रुतियों व रामायण की कथा में राम अहिल्या, केवट, शबरी, सुग्रीव , जटायु या विभीषण जैसे हर आस्थावान पीड़ित पात्र को संकट से मुक्त करतें हैं। वें उनके के शाप, ताप,शोक व संताप हरते हैं।

**शस्त्र, शास्त्र ज्ञाता**

श्रीराम की गुरु भक्ति व समर्पण अद्भुत है गुरु की आज्ञा का पालन वें पूरे समर्पण के साथ करते हैं। वशिष्ठ से वें शिक्षा व शास्त्रज्ञान लेते हैं तो विश्वामित्र से अल्प समय में ही शस्त्र विद्या सीख मायावी राक्षसों ताड़का, मारीच व सुबाहु जैसे आताताईयों का नाश कर डालते हैं।

**पराक्रमी**

श्रीराम दुर्बलों को सताने, मारने तथा उनका शोषण करने वालों को पहले तो सत्पथ पर लाने का प्रयास करते हैं पर , जब ऐसे लोग अत्याचार सीमा पार करने लगते हैं तब राम दुष्टहंता बन जाते हैं। सागर को सोंख लेने तक पर उतर आते हैं अग्नि बाण साध लेते हैं, दूसरों की ताकत को ही अपनी ताकत बना प्रयोग करने वाले, दुराचारी बाली जैसों का छुपकर भी वध करने से परहेज नहीं करते हैं। स्त्री उद्धारक होने के उपरांत भी वें स्त्री जाति को बदनाम करने वाली ताड़का और लंकिनी का वध भी करते हैं।

**प्रजापालक**

राम का व्यक्तित्व बहुआयामी है , वें धर्मनिरपेक्ष, जाति पांति तथा ऊंच नीच से दूर हैं। राजा के रूप में राम का कोई उपमान नहीं है। वें अपने राज्य की ऐसी व्यवस्था करते हैं कि रामराज्य आने वाले युगों के लिए भी एक आदर्श राज्य बन जाता है। राम स्वयं सादा जीवन उच्च विचार का पालन करते हैं पर अपनी प्रजा को सारी सुविधाएं व सुख देने में कोई कसर नहीं उठा रखते।

**आदर्श प्रबंधक :**

संसाधनों का सही उपयोग सीखना हो तो राम आज भी एक आदर्श प्रबंधक हैं। राम ऐसे दक्ष सेनानानायक हैं जो दिव्य अस्त्र शस्त्रों से युक्त महाबली रावण को मायावी पुत्रों सहित महज बंदर भालुओं की मदद से परास्त कर देते हैं।

श्रीराम राम कबीर के लिए निराकार हैं तो तुलसी के लिए साकार हैं। वाल्मीकि की प्रेरणा हैं, महाकवि कंब उन पर रीझते हैं तुलसी उनके भक्त हैं। सूर्यकांत त्रिपाठी व मैथिलीशरण जैसे कवि उन्हे कलियुग में भी प्रेरक मानते हैं।

निस्संदेह श्रीराम के व्यक्तित्व कृतित्व चरित्र एवं कार्यों से बहुत कुछ सीखा जा सकता है।

# यूपी/बिहार/झारखंड/राजस्थान

## अब जातिवादी, परिवारवादी व माफियावादी ताकतों के हाथों में नहीं खेलेगा उत्तर प्रदेश : आदित्यनाथ




**पिछली सरकारें एक जिला, एक माफिया पालती थीं, प्रदेश को नंबर एक बनायेंगे**

**गोरखपुर (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि आज का उत्तर प्रदेश जातिवादी, परिवारवादी व माफियावादी ताकतों के हाथों में नहीं खेलेगा बल्कि विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा करते हुए देश की अर्थव्यवस्था का अग्रणी राज्य बनेगा। आदित्यनाथ ने शनिवार दोपहर बाद गोरखपुर में 1640 करोड़ रुपये से अधिक की 107 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन से 2017 से उत्तर प्रदेश देश की अर्थव्यवस्था का 'ग्रोथ इंजन' बनकर उभरा है। उन्होंने कहा, आज का उत्तर प्रदेश जातिवादी, परिवारवादी व माफियावादी ताकतों के हाथों में नहीं खेलेगा बल्कि विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा करते हुए देश की अर्थव्यवस्था का अग्रणी राज्य बनेगा। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर रामगढ़ताल रिंग रोड प्रथम चरण (पैडलेगंज से स्मार्टव्हील्स तक), रामगढ़ताल क्षेत्र में बहुआयामी 'कार्निवाल ऑफ ड्रीम्स पार्क', बहुमंजिली आवासीय योजना 'गोरक्ष एनक्लेव' का शुभारंभ तथा विश्व स्तरीय कन्वेंशन सेंटर का शिलान्यास किया। उन्होंने साथ ही जीडीए (गोरखपुर विकास प्राधिकरण) की अन्य कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस अवसर पर चंपा देवी पार्क मैदान में आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री ने कहा, विकास की प्रक्रिया अनवरत चलाने की सोच रखने वाली वर्तमान 'डबल इंजन' सरकार और पिछली सरकारों में फर्क यह है कि पिछली सरकारें परिवार के लिए लड़ रही थीं और परिवार के लिए कार्य कर रही थीं।

## अयोध्या: रामनवमी के लिए सुरक्षा और यातायात व्यवस्था चाक-चौबंद



**अयोध्या (उप्र) :** रामनवमी के भव्य आयोजन के लिए अयोध्या में सुरक्षा और यातायात व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। रामनवमी रविवार को मनाई जायेगी। पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) अयोध्या रेंज प्रवीण कुमार ने बताया कि अयोध्या को अलग-अलग जोन और सेक्टर में बांटा गया है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए भारी वाहनों को पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि महाकुंभ की तरह ही वैकल्पिक व्यवस्था भी की गई है। उन्होंने बताया, ''सुरक्षा के लिए पीएसी (प्रादेशिक सशस्त्र कांस्टेबुलरी) और पुलिस के साथ अर्धसैनिक बलों को तैनात किया जाएगा। सरयू नदी के आसपास जल पुलिस, एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा मोचन बल) और एसडीआरएफ (राज्य आपदा मोचन बल) को अलर्ट पर रखा गया है।'' उन्होंने कहा कि राम मंदिर में दर्शन के लिए सभी विशेष पास सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक रद्द रहेंगे और आम श्रद्धालुओं को प्राथमिकता दी जाएगी। अयोध्या के मंडलायुक्त गौरव दयाल ने बताया कि रामनवमी पर अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए प्रशासन की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## बिहार में राजद जीती तो वक्फ विधेयक कूड़ेदान में फेंक दिया जाएगा : तेजस्वी




**पटना :** राजद नेता तेजस्वी यादव ने शनिवार को कहा कि यदि उनकी पार्टी बिहार में सत्ता में आई तो संसद द्वारा इस सप्ताह के प्रारंभ में पारित वक्फ (संशोधन) विधेयक को कूड़ेदान में डाल दिया जाएगा। यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए विपक्ष के नेता ने यह भी खुलासा किया कि उनकी पार्टी ने विधेयक को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय का रुख किया है। पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जद (यू) पर निशाना साधते हुए दावा किया, ''वे यह साबित करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं कि इस विधेयक से मुसलमानों को फायदा होगा, लेकिन इसमें उन्हें सफलता नहीं मिली है।'' राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता ने आरोप लगाया, ''देखिए किस तरह जद (यू) ने अपने मुस्लिम नेताओं को संवाददाता सम्मेलन करने के लिए मजबूर किया, लेकिन वे पूरी तरह असफल रहे।'' जद (यू) की प्रेसवार्ता में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अफाक अहमद खान, एमएलसी खालिद अनवर और गुलाम गौस तथा राज्यसभा के पूर्व सदस्य अशफाक करीम और कहकशां परवीन सहित अन्य लोग शामिल हुए। अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अफजल अंसारी और पार्टी प्रवक्ता अंजुम आरा द्वारा मुसलमानों के कल्याण के लिए मुख्यमंत्री के प्रयासों पर प्रकाश डालने वाला एक लिखित बयान पढ़े जाने के बाद किसी भी वरिष्ठ नेता ने प्रेसवार्ता को संबोधित नहीं किया। प्रेसवार्ता समाप्त होने के बाद सभी नेता पत्रकारों के सवालों से बचते हुए तुरंत चले गए। जद (यू) की प्रेसवार्ता समाप्त होने के कुछ ही मिनट बाद यादव ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया।

## रामनवमी त्योहार से पहले झारखंड में सुरक्षा बढ़ाई गई

**रांची :** रामनवमी से पहले किसी भी अप्रिय स्थिति को टालने के लिए समूचे झारखंड में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रविवार को रामनवमी त्योहार के मद्देनजर रांची, जमशेदपुर, गिरिडीह और हजारीबाग जैसे ''संवेदनशील'' जिलों में पर्याप्त संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। अधिकारी ने बताया कि महत्वपूर्ण स्थानों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे, ड्रोन की तैनाती के साथ वीडियो कैमरे से लैस सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया जा रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए दिन में एक उच्च स्तरीय बैठक की और अधिकारियों को त्योहार के दौरान ''अफवाह फैलाने'' की कोशिश करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## उप्र के सभी जिलों में श्रीरामचरितमानस का अखंड पाठ शुरू, रविवार को होगी पूर्णाहुति



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर चैत्र नवरात्र की अष्टमी तिथि (शनिवार) से राज्य के सभी जिलों में श्रीरामचरितमानस का अखंड पाठ शुरू हुआ, जिसका समापन रविवार को होगा। शनिवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान के अनुसार शनिवार दोपहर से प्रारंभ हुए अखंड मानस पाठ की पूर्णाहुति रविवार को श्रीरामनवमी के दिन दोपहर 12 बजे अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि मंदिर में श्रीरामलला के सूर्य तिलक के साथ होगी। बयान के अनुसार शनिवार से हर जनपद में मंदिरों और देवालयों में अखंड रामचरित मानस पाठ प्रारंभ हुआ। इसमें राजधानी लखनऊ समेत वाराणसी, प्रयागराज, अयोध्या, मथुरा, गोरखपुर, बरेली, मिर्जापुर, आगरा, झांसी समेत सभी जनपदों में यह आयोजन हुआ। मुख्यमंत्री के निर्देश पर सभी जनपदों के देवालयों/मंदिरों में श्रद्धालुओं के लिए सभी जरूरी व्यवस्थाएं भी की गयीं। ख़ुद मुख्यमंत्री योगी ने मां पाटेश्वरी शक्तिपीठ में दर्शन-पूजन किया।

## वर्ग पहेली नं. 3054

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ | 6 |
| | ■ | 7 | | 8 | | ■ | 9 | | |
| 10 | 11 | | ■ | 12 | | ■ | | ■ | |
| 13 | | ■ | 14 | | ■ | 15 | | 16 | |
| ■ | 17 | | | ■ | 18 | | ■ | | ■ |
| 19 | ■ | ■ | 20 | | | ■ | 21 | | 22 |
| 23 | | 24 | | ■ | 25 | 26 | | ■ | |
| | ■ | 27 | | 28 | ■ | 29 | | ■ | |
| 30 | | | ■ | 31 | | | ■ | 32 | |

*बायें से दायें:-* 2) श्वश्रु; पति की माता, 4) अनुसार, 7) केला, 9) दूध गर्म करने के बाद उस पर जमनेवाली तह, 10) खिलावट; ताजापन; चुस्ती, 12) नदी के बीच की भूमि, 13) मोहित; लक्ष्मीदेवी, 14) इस समय, 15) प्रतिबिंब, 17) अप्रसन्न, 18) लिए; को, 20) दशकंधर, 21) पुत्री, 23) गदीला; कोमल, 25) विश्वास, 27) एक ऋतु, 29) बड़ा, 30) तप कर्ता; जोगी, 31) मठाधीश; साधु, 32) मांस.

*ऊपर से नीचे:-* 1) धज्जी धज्जी, 2) एक वाद्य, 3) परिषद्, 4) चमेली, 5) अशक्त, 6) नमस्कारी; संकोचनी, लाजवंती; लजीला, 8) घोटाला, 11) उत्कर्ष काल, 14) जिसे बुढ़ापा या मृत्यु न आवे, 15) शौहर, 16) छत; आच्छादन, 18) प्रेम, 19) जैसा चाहिए वैसा; उचित, 21) एकाकी, 22) स्मरणशक्ति, 24) कामयाब, 26) मूल्य, 28) कश (धूम्रपान); शक्ति.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| का | फ़ी | ■ | का | र्य | कु | श | ल | ■ | चिं |
| न | ■ | आ | या | ■ | ल | ■ | व | नि | ता |
| भ | ड़ा | स | ■ | अं | बु | द | ■ | ■ | ज |
| रा | ■ | रा | खा | ■ | ला | ल | च | ■ | न |
| ई | खा | ■ | दा | ग | ना | ■ | प | द | क |
| ■ | स | ज्ज | न | ■ | ■ | क | ला | म | ■ |
| चा | रा | ■ | ■ | त | ग | ड़ा | ■ | क | ली |
| हि | ■ | तं | बू | रा | ■ | ■ | खा | ल | ल |
| ए | कां | गी | ■ | ना | ते | दा | र | ■ | ना |

शब्दवेधी

## सुडोकू-पहेली-3014

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 6 | | | | | | |
| | | | 4 | 2 | | | | |
| 7 | | | | | | | | |
| 6 | | | | | 1 | | | |
| | | | | | | 4 | | 9 |
| | | | | | | 2 | | |
| | 2 | | 8 | 9 | | | | |
| 5 | | | | | | | 3 | |
| | | | 7 | | | | 6 | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3013 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 1 | 4 | 8 | 2 | 7 | 9 | 6 |
| 4 | 6 | 9 | 1 | 7 | 5 | 2 | 8 | 3 |
| 8 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 1 |
| 9 | 7 | 2 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 |
| 6 | 1 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 4 | 7 |
| 3 | 5 | 4 | 9 | 1 | 7 | 8 | 6 | 2 |
| 1 | 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 3 | 2 | 9 |
| 7 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 |
| 2 | 9 | 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 7 | 8 |

# रामनवमी जुलूस को लेकर पुलिस सख्त



बड़ाबाजार की सड़कों पर रामनवमी से पहले स्थिति का जायजा लेते कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज कुमार वर्मा, कोलकाता संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) रुपेश कुमार व अन्य पुलिस अधिकारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** रामनवमी के दौरान राज्य में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस ने पहले ही कड़े कदम उठाए हैं। जुलूसों के लिए केवल कुछ निश्चित मार्गों की अनुमति होगी। लालबाजार पुलिस उन मार्गों पर अशांति से बचने के लिए सख्त कदम उठा रही है। साथ ही, राज्य के दस जिलों और पुलिस कमिश्नरेट को 'संवेदनशील' घोषित कर अतिरिक्त सावधानी बरती गई है। इस सूची में आसनसोल, हावड़ा, हुगली, उत्तर 24 परगना, दक्षिण 24 परगना सहित जिले और जिला आयुक्तालय शामिल हैं। इन दस जिलों और पुलिस कमिश्नरेट में 29 आईपीएस अधिकारी भेजे जा रहे हैं। पुलिस यह सुनिश्चित करने पर अतिरिक्त ध्यान दे रही है कि कोई भी गड़बड़ी शीघ्र शुरू न हो।

❑ **मुख्य सचिव ने पुलिस अधिकारियों के साथ की बैठक**

मुख्य सचिव मनोज पंत ने शनिवार को नबान्न में राज्य के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। यह निर्णय लिया गया कि रामनवमी पर अवकाश नहीं होगा। नबान्न खुला रहेगा। राज्य पुलिस के एडीजी, कानून एवं व्यवस्था जावेद शमीम नियंत्रण कक्ष में मौजूद रहेंगे। पूरे राज्य की स्थिति पर नजर रखें। जुलूस के समय के अनुसार पुलिस को ड्यूटी पर रहना होगा। प्रत्येक अधिकारी को विशिष्ट जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। 9 तारीख तक सभी छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार कोलकाता में भी शांति बनाए रखने के लिए करीब 6,000 पुलिस कर्मियों की तैनाती के साथ पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। हम अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अशांति पैदा करने की एक भी कोशिश नहीं होने दी जाएगी। अधिकारियों ने सभी डिप्टी कमिश्नरों (डीसीपी) को निर्देश दिया है कि वे अपने बलों को तैयार रखें और उन्हें सुरक्षात्मक गियर से लैस करें।

❑ **ड्रोन से निगरानी, सीसीटीवी से रखी जाएगी नजर**

कोलकाता में 800-1,200 लोगों की संख्या वाले 5-6 बड़े जुलूस निकाले जाने की उम्मीद है, जिनमें डिप्टी कमिश्नर रैंक के अधिकारी और उनकी टीमें उनका साथ देंगी। जुलूसों के दौरान अगर जरूरत पड़ी तो निगरानी ड्रोन का इस्तेमाल किया जाएगा और छोटे जुलूसों में बॉडी कैमरों से लैस पुलिस एस्कॉर्ट्स होंगे। कोलकाता में हेस्टिंग्स, चितपुर, रामलीला मैदान, बॉन्डेल गेट और खिदिरपुर समेत कई प्रमुख मार्गों पर पुलिस पिकेट भी स्थापित किए जाएंगे। त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए, त्वरित प्रतिक्रिया दल (क्यूआरटी), भारी रेडियो फ्लाइंग स्क्वॉड (एचआरएफएस) और पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) वैन सक्रिय कर दी गई हैं। अतिरिक्त सादे कपड़ों में अधिकारी ऊंची इमारतों से निगरानी करेंगे। एहतियात के तौर पर, कोलकाता में मालवाहक वाहनों की आवाजाही 6 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से सुबह 12 बजे तक प्रतिबंधित रहेगी, दूध, सब्जियां और ईंधन जैसी आवश्यक वस्तुओं को छूट दी जाएगी। पुलिस ने प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी लगाए हैं और पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखने के लिए जुलूसों की तस्वीरें और वीडियो लेंगे। ड्रोन हवाई निगरानी में भी सहायता करेंगे, जबकि संवेदनशील क्षेत्रों में लाउडस्पीकर के माध्यम से नियमित गश्त और जन जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे।

### रामनवमी के अवसर पर हावड़ा में भव्य शोभायात्रा का आयोजन, पुलिस ने की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के सांकराइल इलाके में रामनवमी से एक दिन पहले स्वामी विवेकानंद सेवा संघ और हिंदू युवा समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा रामनवमी से एक दिन पहले, रायगंज रथतला गंगा किनारे से शुरू हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और राम भक्त शामिल हुए। जय श्री राम के उद्घोष से पूरा इलाका गूंज उठा और हर दिशा में भगवा रंग की छटा नजर आने लगी। राम भक्तों में जोश और उत्साह का माहौल था। इस यात्रा के दौरान, कई लोग अस्त्र-शस्त्र लेकर भी शामिल हुए। पुलिस प्रशासन ने शोभायात्रा की सुरक्षा के लिए कड़ी व्यवस्था की थी। पुलिस अधिकारी यात्रा के साथ चलकर सुरक्षा की निगरानी करते नजर आए। इस शोभायात्रा ने न केवल धार्मिक आस्था को दर्शाया, बल्कि क्षेत्रीय एकता और उत्साह का भी प्रतीक बनी।

## रामनवमी हमारा पुराना त्योहार है, इसे शांति से मनाने का हक सबको : सुकांत मजूमदार



**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने दावा किया कि रविवार को रामनवमी के मौके पर राज्य में लाखों हिंदू सड़कों पर उतरेंगे। इसके साथ ही मजूमदार ने प्रशासन से अपील की कि इस पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए जरूरी इंतजाम किए जाएं। शनिवार को सुकांत मजूमदार ने कहा कि रामनवमी का त्योहार बंगाल में हजारों सालों से मनाया जाता रहा है। न सिर्फ बंगाली, बल्कि देश के हर कोने में लोग इसे धूमधाम से मनाते हैं। इस पर्व की मैं सबको बधाई देता हूं, सबको जय श्री राम। इसके साथ ही मैं ये भी कहना चाहूंगा कि किसी जुलूस के दौरान किसी भी तरह की बाधा डालने की कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया कि वह शांति बनाए रखने के लिए हर जरूरी कदम उठाए। मजूमदार ने कहा कि लाखों लोग सड़कों पर उतरकर भगवान राम का जन्मदिन मनाएंगे। प्रशासन को चाहिए कि वह व्यवस्था बनाए ताकि कोई परेशानी न हो। यह हमारा पुराना त्योहार है और इसे शांति से मनाने का हक सबको है।

### पुलिस रामनवमी रोकेगी तो पलटवार होगा : दिलीप घोष

राज्य में रामनवमी को लेकर सियासी तापमान लगातार चढ़ता जा रहा है। इस मौके पर भाजपा की तरफ से राज्यभर में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी बीच, रामनवमी की रैली को लेकर एक बार फिर भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष ने सख्त चेतावनी दी है। शनिवार को दिलीप घोष ने कहा कि रामनवमी के दिन बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर उतरेंगे। अगर किसी ने रोकने की कोशिश की तो उसे रौंदते हुए आगे बढ़ जाएंगे।

## शुभेंदु अधिकारी ने आज रामनवमी पर सभी हिंदुओं से सड़क पर उतरने का किया आह्वान

### कहा... 'रामनवमी के दिन कृपया घर पर बेकार न बैठें, अपनी ताकत दिखाएं'



**कोलकाता, समाज्ञा :** नेता प्रतिपक्ष व वरिष्ठ भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को फिर दावा किया कि आज रामनवमी पर राज्य भर में 2,000 से अधिक शोभायात्राएं निकलेगी और 1.5 करोड़ से अधिक हिंदू इसमें भाग लेंगे। नदिया जिले के राणाघाट फ्रेंड्स क्लब मैदान में रामनवमी आयोजन समिति द्वारा आयोजित रामनवमी उत्सव का उद्घाटन करते हुए शुभेंदु ने राज्य के सभी सनातनी हिंदुओं से रविवार को अपने घरों से बाहर निकलने और सड़क पर उतरकर शोभायात्राओं में भाग लेकर अपनी ताकत दिखाने का आह्वान किया। उन्होंने हिंदू पहचान की प्रमुखता पर जोर देने के लिए रामनवमी के दिन सभी हिंदुओं से हाय-हेलो कहना छोड़कर जय श्रीराम का नारा लगाते हुए रामनवमी जुलूस में शामिल होने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि कृपया घर पर बेकार न बैठें। अपनी ताकत दिखाएं। दिखाएं कि हिंदू एकजुट हैं। यह स्वामी विवेकानंद, स्वामी रामकृष्ण और मां शारदा की धरती है। हम शांतिपूर्वक रामनवमी मनाएंगे। शुभेंदु ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नारा- बंटेंगे तो कटेंगे और एक हैं तो सेफ हैं का भी उल्लेख किया। उन्होंने जोर देकर हिंदुओं से अपनी ताकत दिखाने का आह्वान किया। शुभेंदु ने इस दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर भी जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यजनक है कि बंगाल में हिंदुओं को रामनवमी शोभायात्रा के लिए हाई कोर्ट से अनुमति लेनी पड़ रही है। मुस्लिम तुष्टीकरण का आरोप लगाते हुए उन्होंने राज्य सरकार पर कई तीखे सवाल दागे।

❑ **आज नंदीग्राम में राम मंदिर का भूमि पूजन करेंगे शुभेंदु**

शुभेंदु ने यह भी घोषणा की कि वह रामनवमी के पवित्र दिन पूर्व मेदिनीपुर जिले में अपने निर्वाचन क्षेत्र नंदीग्राम के सोनाचूड़ा में प्रस्तावित राम मंदिर का भूमि पूजन करेंगे। मालूम हो कि पूर्व मेदिनीपुर के दीघा में राज्य सरकार की तरफ से पुरी की तरह पर बनाए जा रहे जगन्नाथ मंदिर के जवाब में शुभेंदु ने नंदीग्राम में भव्य राम मंदिर बनवाने की कुछ माह पहले घोषणा की थी।

**Name Change**

I, Pinki Das W/o Late Ruhidas residing at North Baksara Govt Colony, P.O – Baksara, Dist – Howrah – 711110, W.B., have changed my name and henceforth shall be known as Pinki Ruhidas Das as declare before Ld 1st Class Judicial Magistrate, Kolkata vide Affidavit No. 1074 dated 04.04.25 and Pinki Das and Pinki Ruhidas Das both are same and one identical person i.e., myself.

## रामनवमी से पूर्व गोबरडांगा में तनाव, पूजा पंडाल और मूर्तियों में लगी आग

**इलाके में सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में रामनवमी की शोभायात्रा की तैयारियों के बीच उत्तर 24 परगना के गोबरडांगा थाना क्षेत्र में तनाव का माहौल है। लोगों का आरोप है कि बदमाशों ने पूजा के पंडाल और मूर्तियों में आग लगा दी। स्थानीय पूजा आयोजकों ने कहा कि हम रात 2 बजे तक देखते रहे, फिर सुबह 4 बजे देखा कि पंडाल में किसी ने आग लगा दी। घटना गोबरडांगा थाना अंतर्गत बरगुम कचहरीबाड़ी इलाके की है। यहां अग्रदूत संघ क्लब चालीस साल से बासंती पूजा का आयोजन करता आ रहा है। सुबह-सुबह क्लब के सदस्यों और पड़ोसियों ने देखा कि पंडाल के पीछे आग जल रही है। मूर्ति का एक हिस्सा जल चुकी है। सुबह खबर फैलते ही इलाके में तनाव का माहौल बन गया। इसकी जानकारी मिलते ही एसडीपीओ हाबरा और गोबरडांगा थाने की कार्यवाहक थानेदार पिंकी घोष मौके पर पहुंचीं। इस घटना के विरोध में स्थानीय लोगों ने हाबरा गोबरडांगा रोड के कचहरी बारी चौराहे इलाके में सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। गोबरडांगा थाना पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि रात के अंधेरे में किसने आग लगाई है।

### रामनवमी के लिए अनुमति की जरूरत नहीं, ममता की जमीन खिसकी : अर्जुन सिंह



इस घटना पर भाजपा के पूर्व सांसद अर्जुन सिंह ने टिप्पणी की। शनिवार को पूर्व सांसद अर्जुन सिंह ने कहा कि इस घटना पर प्रदेश की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से सवाल पूछा जाना चाहिए। ममता बसंती पूजा की भी रक्षा नहीं कर पाई, इसका मतलब है कि ममता की जमीन खिसक चुकी है। उन्होंने रामनवमी मनाने के लिए कोर्ट से अनुमति लेने के सवाल पर कहा कि राम भक्तों को बाहर जाने के लिए किसी तरह की अनुमति की जरूरत नहीं है। राम भक्तों को निकलने के लिए कोई परमिशन की दरकार नहीं है। बात उसकी सुननी चाहिए जो आपकी भी बात सुने, लेकिन ये तो सुनते नहीं। इसलिए राम भक्तों को इतना ही कहूंगा कि आप निकलिए, कौन किसको रोकेगा, जितने राम भक्त हैं, उतने पुलिस हैं क्या। उन्होंने यह भी स्पष्ट कर दिया कि रामनवमी के अवसर पर वह भी सड़क पर जरूर निकलेंगे। उन्होंने आगे कहा कि मैं राम भक्तों से कहूंगा कि वे घर से बाहर आएं। जितने संभव हो सके उतने राम भक्त सड़कों पर उतरेंगे।

## टेंगरा में पार्किंग विवाद में केरोसिन तेल विक्रेता की हत्या

### घटना में शामिल होने के संदेह में दो लोगों को लिया गया हिरासत में



**कोलकाता, समाज्ञा :** टेंगरा के मथुरा बाबु लेन इलाके में पार्किंग को लेकर शनिवार को मामूली बहस के बाद हुए झगड़े में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है। मृतक की पहचान अरुण कुमार गुप्ता (48) के रूप में हुई है, जो पेशे से केरोसिन तेल विक्रेता थे। मिली जानकारी के अनुसार, इस दिन, दोपहर में मथुरा बाबु लेन में अरुण गुप्ता की स्कूटर पार्किंग को लेकर स्थानीय निवासी आर्यन साव और गौरव साव से बहस शुरू हो गई। आरोप है कि अरुण गुप्ता ने अपनी स्कूटर एक कार के पीछे खड़ी कर दी थी, जिसको लेकर विवाद हुआ। विवाद के बीच साव परिवार के अन्य सदस्य राजेश और रवि भी आ गए और बहस ने हाथापाई का रूप ले लिया। इसी दौरान अरुण गुप्ता अचानक अस्वस्थ महसूस करने लगे। परिजन उन्हें तुरंत उनके घर ले गए, जो घटनास्थल के पास ही था। घर पहुंचते ही उनकी हालत और बिगड़ गई। उन्हें तत्काल एनआरएस अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक अरुण गुप्ता के परिवार का आरोप है कि झगड़े के दौरान उन्हें धक्का देकर नाले में फेंक दिया गया था, जिसकी वजह से उनकी मौत हुई। परिवार और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के आधार पर पुलिस ने राजेश और रवि साव को हिरासत में लिया है। पुलिस ने बताया कि जैसे ही लिखित शिकायत मिलेगी, औपचारिक जांच शुरू कर दी जाएगी।

**पश्चिम मध्य रेल**

**खुली निविदा, विद्युत (निर्माण) शाखा**

**निविदा क्रमांकः जबल/एलसी/टी/2025/04**

कार्यकारी विद्युत इंजी. (निर्माण) पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी ठेकेदार से ई-टेंडर आमंत्रित किया जाता है जिनके पास वैध 'A' श्रेणी का विद्युत लाइसेंस जो कि किसी भी राज्य सरकार द्वारा जारी किया गया हो (अपने फर्म के नाम पर या अपने नाम पर यदि सोल प्रोपराइटर या किसी एक पार्टनर के नाम पर हो) निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑन लाइन प्रस्ताव ही स्वीकार किए जाएगें इस ठेका के विरूद्ध मैनुअल ऑफर की अनुमति नहीं है और ऐसा प्राप्त मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। **निविदा सूचना क्रमांकः** जबल/एलसी/टी/2025/04 दिनांकः 02.04.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** "खजुराहो-पन्ना-सतना-रीवा -सीधी-सिंगरौली नई बीजी रेल लाइन परियोजना के तहत पश्चिम-मध्य रेलवे के जबलपुर डिवीजन से संबंधित नागोद, फुलवारी, देवेन्द्र नगर, सकरिया, पन्ना, बड़खेड़ा, सूरजपुर एवं सब्दुआ स्टेशन पर स्टेशन/सर्विस भवनों कवर ओवर प्लेटफार्म, स्टेशनों एवं कॉलोनी क्षेत्र के सर्कुलाटिंग क्षेत्र एवं पहुंच मार्ग, क्वार्टरों का विद्युतीकरण, पम्पों का प्रावधान एवं संबंधित स्टेशनों पर नए विद्युत कनेक्शन के साथ 33/11/.440 केवी उपकेन्द्रों की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग तथा अन्य सम्बंधित कार्य पश्चिम-मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल के सतना - पन्ना - खजुराहो नई बीजी रेल लाइन परियोजना से। **निविदा का अनुमानित मूल्य (कीमत):** 15,88,45,604.40/-, **निविदा फार्म की कीमत रूपयेः** 0.00/-, **कार्यालय का पताः** कार्यकारी विद्युत इंजी. (निर्माण), भूतल सीपीडी -आर ई भवन, जबलपुर 482001 (म.प्र.), **बिड सिक्यूरिटी (रूपये):** 9,44,200.00/-, **समापन अवधिः** 18 माह, **निविदा जमा करने की तिथि एवं समयः** 24.04.2025 (15.00 बजे तक), **निविदा खुलने की तिथि एवं समयः** 24.04.2025 (15.30 बजे तक या उपरांत)। निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाईट **https://ireps.gov.in** पर उपलब्ध है तथा कार्यकारी विद्युत इंजी (निर्माण) जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है।

**कार्यकारी विद्युत इंजी. (निर्माण), पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

## साल्टलेक में बस की चपेट में आकर महिला आईटी कर्मी की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता से सटे आईटी शहर साल्टलेक के वेबेल मोड़ इलाके में शनिवार की सुबह एक सड़क हादसे में महिला सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कर्मी की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज रफ्तार बस ने युवती को टक्कर मारने के बाद कुचल दिया, जिससे मौके पर ही उसकी जान चली गई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मृतका का नाम रजनी महतो (25) था, जो धापा मैदान पोखुरिया इलाके की निवासी थीं। वह एक निजी एप आधारित कंपनी में कार्यरत थीं। बताया गया कि इस दिन, सुबह करीब 10 बजे जब रजनी वेबेल मोड़ के पास सड़क पार कर रही थीं, तभी सांतरागाछी-बारासात रूट की एक बस ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद रजनी सड़क पर गिर गईं और बस का पिछला पहिया उनके सिर के ऊपर से गुजर गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल युवती को उठाकर बिधाननगर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

इधर, हादसे के बाद चालक बस छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने बस को जब्त कर लिया है और फरार चालक की तलाश शुरू कर दी गई है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। घटना के बाद से स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है। उनका आरोप है कि इलाके में तेज रफ्तार बसें अक्सर दुर्घटनाओं को न्योता देती हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती।

## संबंध तोड़ने से नाराज प्रेमी ने गृहिणी की हत्या, आरोपी प्रेमी गिरफ्तार

❑ **गृहिणी का सड़-गला शव तालाब से किया गया बरामद**

**कोलकाता, समाज्ञा :** गृहिणी अपने प्रेमी के साथ दीर्घकालिक संबंध समाप्त कर अपने पति और बच्चों के साथ रहना चाहती थी। लेकिन, प्रेमी अपनी प्रेमिका के फैसले को स्वीकार नहीं कर सका। और इसी गुस्से में आकर प्रेमी ने गृहिणी की ओढ़नी से गला घोंटकर हत्या कर दी। शनिवार की सुबह दक्षिण 24 परगना के कैनिंग के निकारीघाटा गांव में एक तालाब से एक युवती का सड़ा-गला शव बरामद किया गया। पता चला है कि 24 वर्षीय गृहिणी कैनिंग थाना क्षेत्र की निवासी है। गृहिणी गुरुवार की शाम से लापता थी। गृहिणी के परिवार की ओर से कैनिंग पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई थी। इस दिन, सुबह में पुलिस ने एक बोरे में युवती का शव बरामद होने के बाद आरोपी प्रेममी शुकदेव सरदार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान युवक ने कबूल किया कि उसने गुरुवार की रात युवती की हत्या की थी। फिर, शुक्रवार को उसने शव को एक बोरे में भरकर तालाब में फेंक दिया। इस दिन, सुबह में स्थानीय निवासियों ने तालाब में शव तैरता हुआ देखा और पुलिस को सूचना दी। इसके तुरंत बाद पुलिस ने मृतक गृहिणी के परिवार से बातचीत करने के बाद शुकदेव सरदार को गिरफ्तार कर लिया। बाद में, उसे गिरफ्तार कर लिया गया।


पुलिस और मृत गृहिणी के परिवार के अनुसार, गृहिणी का शुकदेव के साथ लंबे समय से संबंध था। कभी-कभी तो वह अपने प्रेमी के साथ घर से भी निकल जाती है। वे कुछ समय तक एक किराये के मकान में साथ-साथ रहे। बाद में, वह गृहिणी वहां से लौट आई और अपने पति व बच्चों के साथ रहने लगी। गिरफ्तार शुकदेव ने स्वीकार किया कि गुरुवार की शाम को उसकी युवती से दोबारा मुलाकात हुई थी। शुकदेव ने एक बार फिर गृहिणी पर दबाव डाला कि वह उनके साथ घर छोड़कर चली जाए। लेकिन गृहिणी उस प्रस्ताव से सहमत नहीं हुई। तभी शुकदेव ने अपनी प्रेमिका की ओढ़नी से गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस ने गृहिणी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक गृहिणी के परिजनों ने आरोपी शुकदेव को कड़ी सजा देने की मांग की है।

## पढ़ने के लिए निकली किशोरी छात्रा का शव रेलवे पटरी के किनारे से बरामद



**कोलकाता, समाज्ञा :** पढ़ने के लिए निकली दसवीं कक्षा के छात्रा का शव रेलवे पटरी के किनारे से बरामद किया गया। इस बात को लेकर संशय बना हुआ है कि यह हत्या थी या आत्महत्या। नदिया के कल्याणी थाना अंतर्गत शुकना ग्राम पंचायत के जॉयदेवबाटी इलाके में इस घटना को लेकर व्यापक उत्तेजना है। परिजनों का कहना है कि किशोरी गुरुवार की दोपहर स्कूल जाने के बहाने घर से निकली थी। काफी देर बाद भी वह घर नहीं लौटी। पूरी रात तलाश करने के बावजूद परिवार के लोग कोई पता नहीं लगा पाए। इसके बाद, शुक्रवार की सुबह कल्याणी पुलिस स्टेशन में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। तभी, दोपहर में कल्याणी जीआरपी थाने से घर पर फोन आया। एक शव की बरामदगी की उन्हें जानकारी दी गई। परिवार के सदस्य मौके पर पहुंकर शव की पहचान की। जीआरपी घटना की जांच कर रही है। परिवार का दावा है कि उनकी बेटी ने आत्महत्या नहीं की होगी, बल्कि इसके पीछे कोई और साजिश है।

## नकली दवाइयों पर लगाम कसने के लिए पश्चिम बंगाल सरकार की सख्त तैयारी, जल्द जारी होगी नई एडवाइजरी



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल सरकार नकली दवाइयों की बढ़ती समस्या को गंभीरता से लेते हुए पूरे राज्य में सख़्त कदम उठाने की तैयारी कर रही है। नवान्ना सूत्रों के मुताबिक, राज्य सरकार आगामी सप्ताह में एक विस्तृत एडवाइजरी जारी करने जा रही है, जो दवा दुकानदारों, फार्मासिस्टों और होलसेल कारोबारियों के लिए अनिवार्य रूप से पालन करना होगा।

इस नई एडवाइजरी में दवाइयों की खरीदारी से लेकर बिक्री तक की प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने और नकली दवाइयों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए कई दिशा-निर्देश शामिल होंगे। इसमें प्रत्येक दवा पर मौजूद क्यूआर कोड स्कैन करना, बैच नंबर को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर मिलान करना, जिस कंपनी से दवा खरीदी जा रही है उसके बारे में पूरी जानकारी हासिल करना, और यह पता लगाना कि संबंधित गोदाम या निर्माण इकाई पहले किसी जांच के चलते ब्लैकलिस्टेड तो नहीं हुई - इन सब बातों पर विशेष जोर रहेगा।

इस विषय को लेकर हाल ही में नवान्ना में उच्च स्तरीय बैठक भी हुई है, जहां इस एडवाइजरी की रूपरेखा पर चर्चा की गई। राज्य सरकार का मानना है कि इन उपायों के जरिये नकली दवाइयों के व्यापार को काफी हद तक रोका जा सकेगा और लोगों की सेहत से हो रहे खिलवाड़ पर अंकुश लगाया जा सकेगा।

❑ **एक और बड़ा कदम उठाने की योजना बना रही है राज्य सरकार**

नकली दवाइयों की जांच अब संभवतः राज्य पुलिस के हवाले की जा सकती है। नवान्ना सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, राज्य सरकार इस बात की संभावना तलाश रही है कि क्या राज्य पुलिस या उसके अधीन किसी एजेंसी से नकली दवाइयों की जांच कराई जा सकती है। अभी तक यह जिम्मेदारी ड्रग कंट्रोल विभाग के अधिकारियों के पास होती है, लेकिन हाल के दिनों में इन अधिकारियों को अन्य राज्यों, जैसे उत्तर प्रदेश, बिहार और दिल्ली में जांच के दौरान कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ा है।

इन्फ्रास्ट्रक्चर की कमी, सुरक्षा जोखिम और सहयोग की अनुपस्थिति जैसी समस्याओं के कारण ड्रग कंट्रोल के अधिकारियों की जांच प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। ऐसे में यदि राज्य पुलिस को जांच की जिम्मेदारी दी जाती है, तो इन बाधाओं को पार किया जा सकता है और अन्य राज्यों में भी बिना रुकावट जांच को आगे बढ़ाया जा सकता है। इसके लिए राज्य सरकार ने कानूनी सलाह लेने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है।

राज्य सरकार का यह रुख संकेत देता है कि वह इस गंभीर विषय पर कोई समझौता नहीं करना चाहती और जल्द ही ठोस कदमों के जरिए नकली दवाइयों के खिलाफ व्यापक कार्रवाई करेगी।

www.samagya.in

समाज्ञा

NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION

- MATRIMONIAL
- PROPERTY
- RECRUITMENT
- EDUCATION
- NAME CHANGE
- PUBLIC NOTICE
- OBITUARY
- REMEMBRANCE
- DISPLAY

TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT

samagyaadvt@gmail.com | samagya.in

81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# पॉयला बैशाख तक समाधान नहीं हुआ तो नबान्ना अभियान: बर्खास्त शिक्षकों और कर्मियों की चेतावनी



**कोलकाता :** सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले के बाद पश्चिम बंगाल के 25,752 शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मचारी अपनी नौकरियों से हाथ धो चुके हैं। इससे राज्य के अनेक स्कूलों में संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है, वहीं दूसरी ओर नौकरी गंवाने वाले इन हजारों लोगों के जीवन में अंधकार छा गया है। किसी के घर में वही एकमात्र कमाने वाले थे, किसी पर बुजुर्ग माता-पिता की ज़िम्मेदारी है, तो किसी के छोटे बच्चे हैं, जिनके भविष्य को लेकर चिंता ने नींद छीन ली है।

हालांकि, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इन बर्खास्त कर्मियों को ढांढस बंधाया है और आश्वासन दिया है कि वे इस कठिन समय में उनके साथ हैं। उन्होंने यह भी घोषणा की है कि वे 7 अप्रैल को नेताजी इंडोर स्टेडियम में इन पीड़ितों के साथ एक सभा में हिस्सा लेंगी।

इस सबके बीच, नौकरीप्रार्थी और बर्खास्त कर्मियों का एकजुट मंच ने मुख्यमंत्री से अपील की है कि पॉयला बैशाख यानी 15 अप्रैल से पहले इस संकट का समाधान किया जाए। शनिवार को कोलकाता प्रेस क्लब में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में मंच के सदस्यों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अब और आश्वासन नहीं, मुख्यमंत्री को नबान्ना के सभागार में बैठक बुलाकर समाधान निकालना होगा।

यदि पॉयला बैशाख तक समाधान नहीं होता है, तो उन्होंने 21 अप्रैल को 'नबान्ना अभियान' की घोषणा की है। इस आंदोलन में केवल बर्खास्त शिक्षक और कर्मी ही नहीं, बल्कि दूसरे राज्यों में काम कर रहे बंगाल के प्रवासी मजदूरों को भी शामिल होने का आह्वान किया गया है।

'चाकरी ओ चाकरिहारा ओइक्यमंच' ने सरकार को चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं निकाला गया, तो यह आंदोलन और भी व्यापक रूप लेगा। उनके अनुसार, अब यह केवल नौकरी का मुद्दा नहीं रहा, बल्कि यह हज़ारों परिवारों के अस्तित्व और आत्मसम्मान का प्रश्न बन गया है।

# डोमकल में घर से गृहिणी का शव बरामद, पति फरार

❑ **पति पर विवाहेत्तर संबंध के कारण पत्नी की हत्या का आरोप**

**मुर्शिदाबाद :** जिले के डोमकल में एक गृहिणी का शव बरामद होने से हड़कंप मच गया है। महिला का शव शनिवार की सुबह उसके घर में मिला। बताया जा रहा है कि उसके शरीर पर कई चोटों के निशान भी हैं। घटना के बाद से उसका पति अबुल बशर मंडल फरार है। मृतका के माता-पिता ने आरोप लगाए है कि पति ने गृहिणी की 'हत्या' कर दी। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतका की पहचान शकीला बीबी (38) के रूप में हुई है। उसका पैतृक घर डोमकल के रमना बसंतपुर में है। लगभग दो दशक पहले उसकी शादी दक्षिण नगर निवासी अबुल बशर मंडल से हुई थी। पता चला है कि दम्पति का एक 17 वर्षीय पुत्र भी है। मृतका के माता-पिता ने आरोप लगाया कि समय-समय पर शकीला बीबी को प्रताड़ित किया जाता था। पति अपनी पत्नी और बेटे की भी कोई जिम्मेदारी नहीं लेता था। मृतका के घर से लोगों को उन दोनों के लिए पैसे भेजने के लिए मजबूर होना पड़ा। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, यह व्यक्ति केरल में प्रवासी श्रमिक के रूप में काम करता है। कभी-कभी वह अपने गांव घर लौट आता है। जैसे ही वे वापस लौटता, पति-पत्नी के बीच तनाव शुरू हो जाता। अबुल को अपनी पत्नी पसंद नहीं थी। आरोप है कि उसने अपने पड़ोसियों से भी कई बार यही बात कही। अबुल कुछ दिन पहले घर आया था। पहले की तरह इस बार भी दोनों के बीच विवाद चल रहा है। शनिवार की सुबह शकीला बीबी की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। तभी लोग घर में घुसे और देखा कि वह कंबल ओढ़े पड़ी है। जब कंबल हटाई गई तो देखा गया कि वह मृत पड़ी है। उसके शरीर के कई हिस्सों पर चोट के निशान हैं। इस बीच, अबुल बशर मंडल सुबह से लापता है। पुलिस ने शव बरामद कर लिया है। क्या वह व्यक्ति किसी महिला के साथ रिश्ते में है? क्या यह 'हत्या' विवाहेतर संबंधों के कारण हुई है? यह प्रश्न उठता है।

## अभी नहीं टूटेगा दीघा का अवैध ध्वनिसागर पार्क निर्माण, हाई कोर्ट ने पर्यावरण अदालत के आदेश पर लगाई रोक

**कोलकाता :** दीघा के प्रसिद्ध ध्वनिसागर पार्क में हुए कथित अवैध निर्माण को लेकर फिलहाल राहत मिली है। कोलकाता हाई कोर्ट ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के निर्माण तोड़ने संबंधी आदेश पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने शुक्रवार को इस मामले की सुनवाई करते हुए स्पष्ट किया कि यह स्थगन आदेश 30 जून तक प्रभावी रहेगा। इस फैसले से पर्यटन उद्योग और वहां जाने वाले पर्यटकों में राहत की भावना देखी जा रही है। गौरतलब है कि इस वर्ष जनवरी महीने में राष्ट्रीय पर्यावरण न्यायाधिकरण (एनजीटी) ने आदेश दिया था कि दीघा के ध्वनिसागर पार्क में हुआ अवैध निर्माण तीन महीने के भीतर ध्वस्त किया जाए और क्षेत्र को उसके मूल स्वरूप में लौटाया जाए। यह आदेश एक जनहित याचिका के तहत जारी किया गया था जिसमें आरोप लगाया गया था कि यह निर्माण तटीय क्षेत्र से जुड़े नियमों का उल्लंघन करता है। एनजीटी के फैसले को चुनौती देते हुए पश्चिम बंगाल सरकार ने कोलकाता हाई कोर्ट का रुख किया। शुक्रवार को हुई सुनवाई में हाई कोर्ट ने एनजीटी के आदेश पर रोक लगाते हुए कहा कि फिलहाल 30 जून तक किसी भी प्रकार की तोड़फोड़ की कार्रवाई नहीं की जा सकती। इस फैसले से राज्य सरकार और स्थानीय व्यापारिक समुदाय को बड़ी राहत मिली है, क्योंकि ध्वनिसागर पार्क पर्यटकों के आकर्षण का एक बड़ा केंद्र है और निर्माण कार्य पर रोक लगने से पर्यटन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका थी। कोर्ट के इस अंतरिम आदेश ने फिलहाल स्थिति को यथावत बनाए रखा है और आगे की सुनवाई में ही इस पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

# कोलकाता के रमेश चंद्र पारेख ज्वेलर्स में प्री-एनिवर्सरी ऑफर, 7 अप्रैल तक 100% छूट




**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के प्रमुख ज्वेलरी शोरूम रमेश चंद्र पारेख ज्वेलर्स ब्रेबोर्न रोड बुर्रा बाजार पर चल रहे प्री-एनिवर्सरी सेलिब्रेशन में भारी उत्साह देखा जा रहा है। शोरूम पर चल रहे स्क्रैच एंड विन ऑफर की समाप्ति में अब केवल कुछ ही दिन बचे हैं। यह ऑफर 7 अप्रैल 2025 तक उपलब्ध है, जिसमें ग्राहक अपने पसंदीदा आभूषणों पर मेकिंग चार्ज पर 100% तक की छूट जीत सकते हैं। इस ऑफर को लेकर शोरूम में भारी भीड़ उमड़ी हुई है, और ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए शोरूम ने 6 अप्रैल 2025 को भी विशेष रूप से खुला रखा है। यह ऑफर खासतौर पर मेकिंग चार्जेस पर छूट प्रदान करता है, जो आभूषण खरीदने का एक बड़ा खर्च होता है।

शोरूम के प्रबंधक ने कहा, हम इतनी बड़ी संख्या में ग्राहकों को देख कर बेहद खुश हैं। अब केवल कुछ दिन बाकी हैं, और हम उन सभी को आमंत्रित करते हैं जिन्होंने अभी तक यह ऑफर नहीं लिया है। यह ऑफर 7 अप्रैल 2025 को समाप्त हो जाएगा, इसलिए ग्राहक जल्दी शोरूम का दौरा करें और इस सुनहरे मौके का लाभ उठाएं।

# संपन्न हुआ अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह व पुनर्मिलन समारोह



**हावड़ा :** अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन के भव्य अग्रसेन सभागार में सत्र 2024-25 की विद्यालय की उच्च विभाग की छात्राओं का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न हुआ, जिसमें कक्षा छठीं से लेकर नवीं एवं ग्यारहवीं की छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही विद्यालय की भूतपूर्व छात्राओं का पुनर्मिलन समारोह भी संपन्न हुआ, जिसमें कुल106 छात्राएँ सम्मिलित हुईं।

इस दौरान समाजसेवी कार्यकर्ता(उद्योगपति) हरि राम गर्ग, दयानंद राहुल वासिया, श्याम सुन्दर अग्रवाल, पुरुषोतम परसरामपुरिया एवं विद्यालय के अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल (देवरालिया), शिक्षा हितैषी नवीन टीकमानी, घनश्यामदास गुप्ता, रामविलास अग्रवाल, प्राचार्य सरोज कुमार श्रीवास्तव, उपप्राचार्या काकोली नाग, अबीरा दास (प्राचार्या, अग्रसेन ब्वॉयज़ स्कूल) एवं अभिभावकगण उपस्थित थे।

वृतचित्र द्वारा विद्यालय में होने वाली गतिविधियों एवं उपलब्धियों के बारे में अभिभावकों को अवगत कराया गया।

कार्यक्रम के मध्य शिक्षा हितैषी नवीन टीकमानी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए अपने वक्तव्य में बताया कि शिक्षा में श्रेष्ठता प्राप्त करने के साथ-साथ सभी छात्राओं को जीवन में एक अच्छा इंसान बनना जरूरी है, माता-पिता व गुरुजनों को कभी नहीं भूलना चाहिए एवं जमीन से जुड़े रहना चाहिए।

विद्यालय के प्राचार्य सरोज कुमार श्रीवास्तव ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह विद्यालय विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के द्वारा छात्राओं के बहुमुखी विकास करने का निरन्तर प्रयास करता रहता है। जिससे आगे चलकर दुनिया में वे अपनी एक अलग पहचान बनाने में सफल हो सकें। उन्होंने अभिभावकों को अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन द्वारा जरूरतमंद छात्राओं के लिए शुरू की गोविन्द राम बासुदेव टिकमानी छात्र सहायक योजना से भी अवगत कराया, कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के अध्यक्ष द्वारा जरूरतमंद छात्राओं को इस योजना के तहत निःशुल्क पुस्तकें प्रदान की गई। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## ओसियन्स परिवार ने चैत्र नवरात्रि महोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया



**कोलकाता :** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि महोत्सव का आयोजन ओसियन्स परिवार द्वारा बड़े ही भक्ति और उल्लास के साथ श्री सच्चियाय माता मंदिर प्रांगण, गुरुसदय रोड में किया गया। पूरे मंदिर परिसर में भक्ति का माहौल छाया रहा और भक्तों ने माता रानी की कृपा पाने के लिए पूरे मनोयोग से पूजा-अर्चना की। भजन संध्या इस आयोजन का विशेष आकर्षण रही, जिसमें डॉ. अरिहंत सिंघी, राजेन्द्र पींचा, सोनी अरोरा और वासु सिपानी सहित कई कलाकारों ने अपनी मधुर और भावपूर्ण प्रस्तुतियों से माता रानी को रिझाया। भक्ति रस में डूबी इन प्रस्तुतियों ने सभी उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कीर्तन कार्यक्रम को सफल बनाने में रितेश खटेड़, विकास सिंघी, रोहित संचेती, अक्षय बैद, मनीष बैंद, नवीन बैद, सुयश नाहटा, प्रकाश हिंगड़, बृजमोहन करनाणी, बबीता बैंद, सोनू सिंघी, रजनी बोकाड़िया, रचना सिंघी, अरुणा बैद, सपना जैन, लिप्पी बैद और ओसियन्स परिवार के सभी सदस्यों का सराहनीय सहयोग रहा।



**रामनवमी की पूर्व संध्या श्री श्री सत्यनारायण जी मंदिर में भगवान की मनोरम झांकी।**

# पूर्व रेलवे ने कर्मचारियों की स्वास्थ्य जांच के लिए शिविर का किया आयोजन




**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने जसीडीह स्टेशन पर 4 अप्रैल को एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। यह शिविर असानसोल डिवीजनल रेलवे अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के मार्गदर्शन में और पूर्व रेलवे के प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. अनिरुद्ध कीर्तानिया और अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. पी.एस. मित्रा की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान चिकित्सा पेशेवरों की एक समर्पित टीम मौजूद रही। जिसमें प्रसिद्ध डॉक्टर, नर्स, आहार विशेषज्ञ, फार्मासिस्ट और अन्य पैरामेडिकल स्टाफ शामिल थे। इस मौके पर डॉ. अनिरुद्ध कीर्तानिया ने व्यक्तिगत रूप से स्वास्थ्य शिविर में कई मरीजों का उपचार किया। उन्होंने अपने संबोधन में एक स्वास्थ्य इकाई की स्थापना की आवश्यकता को प्रमुख रूप से उठाया, ताकि रेलवे कर्मचारियों और उनके आश्रितों को जसीडीह के अलावा बैद्यनाथधाम और देवघर स्टेशनों पर भी चिकित्सा सुविधाएं मिल सकें। इस शिविर में लगभग 184 रेलवे कर्मचारियों एवं उनके परिजनों ने अपनी जांच करवायी।

## पुलिस ने फर्जी जन्म प्रमाणपत्र के जरिए पासपोर्ट आवेदन करने वाले युवक को दबोचा

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता पुलिस ने एक अंतरराज्यीय फर्जीवाड़ा गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए शनिवार की सुबह एक युवक को गिरफ्तार किया, जो बिहार में बना फर्जी जन्म प्रमाणपत्र उपयोग कर पश्चिम बंगाल में भारतीय पासपोर्ट के लिए आवेदन कर रहा था। गिरफ्तार आरोपित की पहचान आजाद आलम के रूप में हुई है, जिसे दक्षिण कोलकाता के गार्डन रीच इलाके से पकड़ा गया। पुलिस के मुताबिक, आलम ने पासपोर्ट आवेदन के दौरान जो जन्म प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया था, उसकी जांच में दस्तावेज फर्जी पाया गया। पूछताछ के दौरान आलम ने खुलासा किया कि उसने बिहार निवासी एक एजेंट की मदद से यह फर्जी प्रमाणपत्र प्राप्त किया था। कोलकाता पुलिस के सुरक्षा नियंत्रण संगठन के अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही बिहार पुलिस से संपर्क कर संयुक्त जांच शुरू की जाएगी और आवश्यकता पड़ने पर एक विशेष टीम बिहार भेजी जा सकती है। यह पहला मामला है जब बिहार से जारी फर्जी जन्म प्रमाणपत्र का उपयोग बंगाल में पासपोर्ट आवेदन के लिए किया गया है।

# बेलघरिया स्टेशन पर चलाया गया स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह डिवीजन ने बेलघरिया स्टेशन पर स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। जिसका उद्देश्य यात्रियों, विक्रेताओं और अन्य रेलवे उपयोगकर्ताओं को स्वच्छ और पर्यावरण के अनुकूल रेलवे वातावरण बनाए रखने के महत्व के बारे में शिक्षित करना था। स्टेशन का एक टीम ने विस्तृत निरीक्षण किया और यात्रियों, विक्रेताओं और अन्य संबंधित व्यक्तियों से सीधे संपर्क करके उन्हें स्वच्छ और सतत प्रथाओं को अपनाने के लिए सलाह दी। अधिकारियों ने प्लास्टिक कचरे और फेंके गए सामान के कारण होने वाले पर्यावरण और स्वास्थ्य संकटों पर जोर दिया और पारिस्थितिकीय अनुकूल विकल्पों के उपयोग को बढ़ावा दिया। यात्रियों को विशेष कूड़ेदान का उपयोग करने के लिए मार्गदर्शन किया गया और उन्हें एक स्वच्छ रेलवे पारिस्थितिकी तंत्र बनाने में योगदान देने के लिए प्रेरित किया गया।

# मेट्रो सुरंगों में एनडीआरएफ और पश्चिम बंगाल अग्निशमन एवं आपात सेवा विभाग के साथ संयुक्त यात्री निकासी मॉक ड्रिल आयोजित



**कोलकाता :** कोलकाता मेट्रो हमेशा यात्रियों की सुरक्षा और संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। इसी क्रम में किसी आपात स्थिति जैसे भूकंप और उसके कारण सुरंगों के अंदर फंसे रेक्स पर संभावित प्रभाव तथा यात्रियों को हुए संभावित चोटों से निपटने के लिए मेट्रो स्टाफ की तत्परता को परखने हेतु एक यात्री निकासी मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। यह मॉक ड्रिल नेशनल डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स (एनडीआरएफ) और पश्चिम बंगाल अग्निशमन एवं आपात सेवा विभाग (डब्ल्यूबीएफईएस) के सहयोग से 04.04.2025 की रात व्यावसायिक सेवाएं समाप्त होने के बाद हावड़ा और महाकरण मेट्रो स्टेशनों के बीच स्थित सुरंगों में की गई।

इस मॉक ड्रिल के दौरान मेट्रो चालकों और स्टेशन अधिकारियों को एनडीआरएफ और अग्निशमन विभाग की टीम द्वारा प्रशिक्षण और मार्गदर्शन दिया गया कि ऐसी आपात स्थिति में जब मेट्रो रेक सुरंग में फंस जाए, तब यात्रियों को सुरक्षित निकालने के लिए तत्काल कौन-कौन से कदम उठाने चाहिए।

इस अभ्यास का उद्देश्य मेट्रो कर्मचारियों की आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमता को और अधिक सुदृढ़ करना तथा उनकी सजगता और तत्परता की जांच करना था, ताकि किसी वास्तविक संकट की स्थिति में वे शीघ्र और प्रभावी ढंग से कार्रवाई कर सकें। इस अभ्यास के दौरान वरिष्ठ मेट्रो अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि मेट्रो रेलवे प्रशासन यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु समय-समय पर सुरंगों के अंदर और वायाडक्ट पर इस प्रकार के मॉक ड्रिल का आयोजन करता रहता है।



**रामनवमी के पूर्व संध्या हावड़ा के भवानी ग्रुप, ट्वीन टावर के निवासियों द्वारा माता रानी का भव्य जागरण आयोजित किया गया।**

# सुंदरबन में ऐतिहासिक मिलन: सर डैनियल हैमिल्टन और रवींद्रनाथ ठाकुर की प्रेरणादायक यात्रा

❑ **कवि की स्मारक कुर्सी आज भी कैनिंग स्टेशन पर है संरक्षित**



**कोलकाता, समाज्ञा :** सुंदरबन के हरे-भरे जंगलों और नीले पानी के बीच एक अद्भुत कहानी बसी है, जो दृष्टि, समर्पण और सांस्कृतिक मिलन की मिसाल है। यह कहानी है सर डैनियल हैमिल्टन की, जिन्होंने भारत को अपनी मातृभूमि मानते हुए 1880 में बंगाल में अपनी कर्मभूमि बनाई। उन्होंने गोसाबा द्वीप पर 1903 में 'बीकन का बंगला' नामक ऐतिहासिक बंगला बनवाया, जो सामाजिक-आर्थिक बदलावों का प्रतीक बन गया। 1932 में, कवि गुरू रवींद्रनाथ ठाकुर ने गोसाबा का दौरा किया। कैनिंग रेलवे स्टेशन से विशेष कोच में यात्रा करते हुए, उन्होंने हैमिल्टन के सहकारी प्रयासों का अवलोकन किया, जो उनके स्वयं के आदर्शों से मेल खाते थे। इस यात्रा के दौरान दोनों महापुरुषों के बीच पत्रों के माध्यम से गहरा बौद्धिक और दानशील संबंध स्थापित हुआ।

कैनिंग स्टेशन पर आज भी वह कुर्सी संरक्षित है, जिस पर रवींद्रनाथ ठाकुर ने अपनी वापसी ट्रेन का इंतजार किया था। यह कुर्सी अब भी विकास और आत्मनिर्भरता की प्रेरणा का स्रोत है। इसके अलावा, 'गोसाबा' नाम रवींद्रनाथ ठाकुर द्वारा दिया गया था, जिसमें सुंदरबन के प्रतीक 'गोरु', 'साप', और 'बाघ' के नाम शामिल हैं। आज गोसाबा और बीकन बंगला, दोनों महापुरुषों की दृष्टि का प्रतीक हैं। पूर्व रेलवे इस ऐतिहासिक कुर्सी को सार्वजनिक प्रदर्शनी के लिए प्रदर्शित करने पर विचार कर रही है, ताकि यह ऐतिहासिक पल हमेशा जीवित रहे।

# पानित्रास उच्च विद्यालय का 150वां वर्षगांठ संपन्न



**हावड़ा :** ग्रामीण हावड़ा स्थित पानित्रास उच्च विद्यालय ने अपने 150वें स्थापना वर्ष का भव्य समारोहपूर्वक शुभारंभ किया। इस अवसर का उद्घाटन आमता के विधायक सुकांत पाल ने किया। समारोह में विशेष रूप से उपस्थित थे महकुमा शासक (सब-डिविजनल ऑफिसर) मानस कुमार मंडल, खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) सहित अन्य गणमान्य अतिथि। इस अवसर पर विद्यालय की दीर्घकालीन शैक्षणिक यात्रा, सामाजिक योगदान और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया। अतिथियों ने विद्यालय की भूमिका की सराहना करते हुए इसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। छात्रों, शिक्षकों और स्थानीय लोगों में इस 150वें वर्षगाँठ के समारोह को लेकर खासा उत्साह और गर्व का माहौल देखने को मिला।

# अंतरराष्ट्रीय हिंदी परिषद ने महिला दिवस एवं होली प्रीति सम्मान समारोह किया आयोजित



**कोलकाता, समाज्ञा :** अंतरराष्ट्रीय हिंदी परिषद के प्रधान कार्यालय में महिला दिवस एवं होली प्रीति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। बड़े धूमधाम से सभी पदाधिकारीयों ने होली मिलन सम्मान समारोह को सफल बनाए जिसमें हृदय नारायण मिश्रा राष्ट्रीय अध्यक्ष संस्थापक अंतर्राष्ट्रीय हिंदी परिषद तथा सुशांत कुमार शर्मा (राष्ट्रीय संघठन मंत्री युवा प्रकोष्ठ) के तरफ से सभी पदाधिकारियों को सम्मानित किये। कार्यक्रम में उपस्थित बबीता पांडे अध्यक्ष कोलकाता जिला महिला प्रकोष्ठ, नीता गुप्ता प्रभारी पश्चिम बंगाल, हेमलता जोशी उपाध्यक्ष कोलकाता जिला, सुजाता शर्मा, प्रीति दास, अमित रक्षित, नूतन झा, पूनम राय अध्यक्ष हावड़ा जिला, पिंकी सिंह, अनीता पांडे, ए पूजा शर्मा, मौमिता किरण खरवार, रिंकी भगत, राखी खेत्री, किरण सिंह, पूनम सिंह, आराधना शर्मा, सोनाली शर्मा, अनीता जगवाल, सरोज साहनी, गुड़िया सिंह, पुतुल खेला, ज्योति खन्ना, किरण शर्मा, निशा सोनकर, दुर्गा झा, सुनीता पांडे, और पुरुष वर्ग में राजेश सिन्हा (पार्षद), श्याम प्रकाश चतुर्वेदी, गणेश गुप्ता, राजीव तिवारी, तरुण तिवारी, विकास पाठक, वशिष्ठ नारायण तिवारी, वशिष्ठ नारायण ठाकुर, अजय मिश्रा, गुड्डू पांडे, बागेश मिश्रा, सर्वेश ठाकुर, श्रीकांत दुबे, सुनील शुक्ला, मदन कुमार सेठ, संजीव पांडे, गणेश गुप्ता, राम प्रताप मिश्र, निर्मल कुमार राय, संजय पांडेय, राजेश दुबे, यज्ञ नारायण मिश्रा, रवि शर्मा, मनीष पांडे, नीरज कुमार शुक्ला आदि सभी वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाए। हृदय नारायण मिश्रा सभी का आभार व्यक्त करते हुए सभी लोगों को होली की बधाई देकर अबीर गुलाल लगाए।

# रामनवमी शोभा यात्रा से पहले जीटी रोड पर अस्थाई दुकानों को हटाने का निर्देश, प्रशासन की कड़ी तैयारी



रामनवमी से पूर्व व्यवस्था का जायजा लेते हावड़ा पुलिस कमिश्नर प्रवीण कुमार त्रिपाठी एवं साथ में शिवपुर थाना के प्रभारी अभिजीत चटर्जी व अन्य पुलिस अधिकारी

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के जीटी रोड पर रविवार को होने वाली रामनवमी शोभा यात्रा के लिए पुलिस प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की है। उच्च न्यायालय से शोभायात्रा को निकालने की अनुमति मिलने के बाद प्रशासन ने मार्ग की सुरक्षा को लेकर सख्त इंतजाम किए हैं। खासतौर पर ऊंची इमारतों पर ड्रोन कैमरे से निगरानी रखी जा रही है ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। इसी क्रम में, पुलिस प्रशासन ने जीटी रोड के आसपास के फुटपाथ पर स्थित अस्थाई दुकानों को हटाने का निर्देश दिया है। प्रशासन द्वारा जारी निर्देश के बाद हावड़ा मैदान क्षेत्र के दुकानदारों ने अपनी दुकानों को खोलकर हटाने का कार्य शुरू कर दिया। दुकानदारों का कहना है कि रामनवमी शोभायात्रा को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने के लिए यह कदम उठाया गया है। हालांकि इससे उन्हें व्यापार में नुकसान होगा और मजदूरी भी बढ़ गई है, लेकिन प्रशासन के निर्देशों का पालन करते हुए वे अपनी दुकानों को अस्थायी रूप से हटा रहे हैं। उनका कहना है कि शोभायात्रा के बाद वे पुनः अपनी दुकानें पुनर्स्थापित करेंगे।



शिवपुर थाना अंतर्गत जीटी रोड में ड्रोन से की जा रही निगरानी

# दवाओं की कीमतों में बढ़ोतरी के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

**हावड़ा, समाज्ञा :** केंद्रीय सरकार द्वारा जीवन रक्षक दवाओं की कीमतों में बढ़ोतरी के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस ने शनिवार को विरोध प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन मध्य हावड़ा के उलाबिबितला से शुरू होकर कासुंदिया रोड होते हुए हावड़ा मैदान तक निकाला गया, जिसमें सैकड़ों तृणमूल कार्यकर्ता शामिल हुए। इस प्रदर्शन रैली का नेतृत्व राज्य के खाद्य प्रसंस्करण विभाग के मंत्री अरूप राय ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि केंद्रीय सरकार द्वारा दवाओं की कीमतों में की गई बढ़ोतरी ने आम लोगों को कठिनाइयों में डाल दिया है। उन्होंने कहा, केंद्रीय सरकार को दवाओं के दाम इस हद तक नहीं बढ़ाने चाहिए थे। मंत्री अरूप राय ने आगे सीपीएम के सांसद विकासरंजन भट्टाचार्य पर भी निशाना साधते हुए कहा, विकासरंजन भट्टाचार्य को पूरे दिन कोई काम नहीं रहता। वे एक के बाद एक मामले दर्ज करके लोगों की नौकरियां छीन रहे हैं। इसके अलावा, उन्होंने यह भी कहा कि जिस तरह से सीपीएम ने ऑक्सफोर्ड में मुख्यमंत्री के साथ व्यवहार किया, उससे यह साफ होता है कि वे कितने असभ्य हैं। इस प्रदर्शन के दौरान तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने दवाओं की कीमतों में बढ़ोतरी के खिलाफ जोरदार विरोध जताया और सरकार से इस पर पुनर्विचार करने की मांग की।



# पुलिस ने अर्जुन सिंह को लाइसेंसी रिवॉल्वर सरेंडर करने का दिया आदेश

**❑ भाजपा नेता ने कहा... 'अदालत कहेगी तो ही रिवॉल्वर जमा करूंगा'**

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व सांसद अर्जुन सिंह को एक बार फिर जगदल थाने की पुलिस ने नोटिस भेजा है। उनसे शनिवार की दोपहर तक लाइसेंस प्राप्त रिवॉल्वर थाने में जमा कराने को कहा गया है। हालांकि, अर्जुन सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि वह थाने नहीं जाएंगे। अर्जुन सिंह का आरोप है, पुलिस के जरिए तृणमूल कांग्रेस मुझे मरवाना चाहती है। अदालत का आदेश हुआ तो ही मैं रिवॉल्वर जमा करूंगा। उल्लेखनीय है कि 26 मार्च की रात जगद्दल मेघना मोड़ इलाके में मजदूरों के बीच झड़प हुई थी। सूचना पाकर अर्जुन सिंह अपने कुछ समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे। अर्जुन सिंह का दावा है कि वहां मौजूद असामाजिक तत्वों ने उन पर गोलीबारी की और भाग निकले। जवाबी कार्रवाई में अर्जुन सिंह के लोग भी पीछा करने लगे, जिसमें एक युवक घायल हो गया। घटना के बाद इलाके में तनाव फैल गया और घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू करते हुए अर्जुन सिंह को दो बार पूछताछ के लिए समन भेजा था, लेकिन वह उपस्थित नहीं हुए। इसके बाद, पुलिस ने भाटपाड़ा के 'मजदूर भवन' में जाकर उनसे पूछताछ की। पूछताछ के बाद अर्जुन सिंह निजी कार्य से राज्य से बाहर चले गए। इस घटना के सिलसिले में बैरकपुर अदालत में मामला दर्ज हुआ, जहां से अर्जुन सिंह के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया। हालांकि, अर्जुन सिंह ने तुरंत कलकत्ता हाई कोर्ट का रुख किया और वहां से उन्हें अस्थायी राहत मिल गई। इसी बीच, अब पुलिस ने उन्हें फिर से नोटिस भेजा है।



# हावड़ा के थर्माकोल कारखाने में भीषण आग, एक मजदूर की झुलसकर मौत

## दमकल की छह गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के आलमपुर इलाके में स्थित एक थर्माकोल कारखाने में शनिवार को भीषण आग लग गई। इस हादसे में कारखाने के एक मजदूर की झुलसकर मौत हो गई। मृतक की पहचान आकाश हाजरा के रूप में हुई है। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस और दमकल विभाग ने आग पर काबू पाने के लिए घंटों मशक्कत की। पुलिस और दमकल विभाग के अनुसार, आलमपुर मोड़ के पास स्थित इस बड़े थर्माकोल कारखाने में रोज़ाना की तरह काम चल रहा था। इस दिन, दोपहर करीब 3 बजे के बाद फैक्ट्री के भीतर आग की लपटें देखी गईं। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।



भीतर काम कर रहे श्रमिक तत्काल बाहर भागे। घटना की जानकारी मिलते ही सांकराइल थाने की पुलिस और दमकल की छह गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का काम शुरू किया। कई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद शाम 5.30 बजे आग पर आंशिक नियंत्रण पाया गया। इसके बाद, दमकल कर्मी फैक्ट्री के भीतर दाखिल हुए और वहां से एक श्रमिक का शव बरामद किया। प्राथमिक जांच में श्रमिक की मौत आग में झुलसने से हुई बताई गई है। मृतक आकाश हाजरा फैक्ट्री में ही कार्यरत था। अधिकारियों के अनुसार, यह जांच की जा रही है कि आग के समय कोई अन्य श्रमिक फैक्ट्री के भीतर फंसा था या नहीं। थर्मोकोल अत्यधिक ज्वलनशील पदार्थ होने के कारण आग तेजी से फैली। पूरी फैक्ट्री और आसपास का इलाका घने काले धुएं से ढक गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, लपटें इतनी तेज थीं कि उन्हें कई किलोमीटर दूर से भी देखा जा सकता था। आग पूरी तरह बुझने के बाद भी कुछ स्थानों पर 'पॉकेट फायर' देखी गई। फिलहाल, आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। प्रारंभिक अनुमान है कि शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी हो सकती है। हालांकि, पुलिस और दमकल विभाग अन्य संभावित कारणों की भी जांच कर रहे हैं। साथ ही, यह भी जांच हो रही है कि फैक्ट्री में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम थे या नहीं और अग्निशमन उपकरणों की स्थिति कैसी थी। फैक्ट्री प्रबंधन से भी पूछताछ की जाएगी।

# रामनवमी से पहले सांकराइल में निकाली गई शोभायात्रा

**हावड़ा :** रामनवमी से पहले ही हावड़ा के सांकराइल इलाके में हथियार लेकर निकाली गई शोभायात्रा ने हड़कंप मचा दिया है। हाईकोर्ट के स्पष्ट निर्देश को नजरअंदाज करते हुए शनिवार को सांकराइल के मानिकपुर स्थित राजगंज इलाके में रामनवमी की शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें युवकों को तलवार, कटारी, दा और हंसिया जैसे धारदार हथियारों के साथ देखा गया - ऐसा स्थानीय लोगों का आरोप है।

जानकारी के अनुसार, इस शोभायात्रा का आयोजन रथयात्रा के रूप में भगवान राम की मूर्ति लाने के लिए किया गया था। इसके चलते इलाके में बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती भी की गई थी। हालांकि, कोलकाता हाईकोर्ट का स्पष्ट आदेश था कि मेटल (धातु) के हथियारों के बजाय पीवीसी पाइप से बने प्रतीकात्मक हथियारों के साथ ही रैली की अनुमति होगी। लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि इस आदेश की अवहेलना करते हुए कई युवक असली धारदार हथियारों के साथ शोभायात्रा में शामिल हुए।

इस घटना को लेकर आयोजकों ने कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। सूत्रों के अनुसार, रामचंद्र की मूर्ति लाते समय यह स्थिति बनी, और भले ही आयोजकों ने हथियार लाने के लिए किसी को नहीं कहा हो, फिर भी कुछ लोग हथियार लेकर रैली में शामिल हुए। इस पूरे मामले ने इलाके में सनसनी फैला दी है और स्थानीय निवासियों का एक वर्ग इसे लेकर खुलकर प्रतिक्रिया दे रहा है।



# रिसड़ा में तृणमूल कांग्रेस की विशाल रैली

**हुगली :** केंद्र सरकार द्वारा जीवन रक्षक दवाइयों के दामों में की गई बढ़ोतरी के खिलाफ शनिवार को रिसड़ा शहर तृणमूल कांग्रेस की ओर से एक विशाल प्रतिवाद रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई और जनविरोधी फैसलों को तुरंत वापस लेने की मांग की गई।

रैली में वक्ताओं ने कहा कि देश में लगातार बढ़ती महंगाई ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। पहले ही खाद्य पदार्थों के दाम आसमान छू रहे हैं, और अब जीवन रक्षक दवाइयों के दामों में बढ़ोतरी करके केंद्र सरकार ने आम जनता को और संकट में डाल दिया है।मध्यवर्गीय और निम्नवर्गीय परिवारों के लिए यह दवाइयां अब मृत्यु औषधि बन जाएंगी, विरोध में शामिल नेताओं ने कहा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र सरकार रोजगार के अवसर पैदा करने में विफल रही है और इसके बजाय आम जनता का शोषण कर रही है।इस विरोध रैली में रिसड़ा नगरपालिका के चेयरमैन विजय सागर मिश्रा, वाइस चेयरमैन जाहिद हसन खान, शहर तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष मनोज साव, विभिन्न वार्डों के पार्षद और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी और लोगों का समर्थन भी मिला। तृणमूल कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि अगर केंद्र सरकार ने मूल्य वृद्धि को वापस नहीं लिया, तो आगे भी बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।

# वक्फ बिल को लेकर टिप्पणी पर नौहाद सिद्दीकी को अभिषेक बनर्जी का कानूनी नोटिस

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी ने इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) के विधायक नौहाद सिद्दीकी पर यह दावा करने के लिए निशाना साधा है कि डायमंड हार्बर के सांसद व तृणमूल कांग्रेस के अन्य विधायक इस सप्ताह की शुरुआत में संसद में वक्फ (संशोधन) विधेयक पर चर्चा और मतदान का हिस्सा नहीं थे। अभिषेक बनर्जी ने सिद्दीकी की टिप्पणी को झूठा करार दिया और उनसे इसे वापस लेने को कहा। साथ ही, चेतावनी दी कि अगर वह 48 घंटे के भीतर ऐसा करने में विफल रहे तो उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि वक्फ विधेयक गुरुवार को राज्यसभा में 128-95 मतों से पारित हो गया, जबकि एक दिन पहले लोकसभा में इसके पक्ष में 288 मत पड़े थे, जबकि इसके खिलाफ 232 सांसदों ने मतदान किया था। अभिषेक बनर्जी के वकील संजय बसु ने नौशाद को दिए गए नोटिस में कहा कि यह ध्यान देने योग्य बात है कि आपने मेरे मुवक्किल के खिलाफ झूठ फैलाने और गलत तथा भ्रामक बयान देने का विकल्प चुना है, ताकि मुस्लिम आबादी और पश्चिम बंगाल के लोगों को यह विश्वास दिलाया जा सके कि मेरे मुवक्किल उस समय लोकसभा में मौजूद नहीं थे, जब मतदान प्रक्रिया चल रही थी। उल्लेखनीय है कि आईएसएफ विधायक सिद्दीकी एक साक्षात्कार में कहा कि अभिषेक बनर्जी सहित कई टीएमसी सांसदों ने वक्फ विधेयक पर बहस में हिस्सा नहीं लिया और उन्होंने पूछा कि क्या पार्टी ने ऐसे सांसदों के खिलाफ कोई कार्रवाई की है। क्या अभिषेक बनर्जी संसद में मौजूद थे? मैं काफी समय से वीडियो देख रहा था। मैं यह जानने की कोशिश कर रहा हूं कि तृणमूल के कितने सांसद संसद में मौजूद थे और कितने अनुपस्थित थे। क्या कार्रवाई की गई?



# रामनवमी पर मूर्ति निर्माता का सम्मान

**कोलकाता, समाज्ञा :** रामनवमी की शुरुआत खिदिरपुर में बेहद श्रद्धा और उल्लास के साथ सफलतापूर्वक हुई। इस शुभ अवसर पर रामनवमी उद्यापन समिति खिदिरपुर द्वारा अयोध्या वाली छोटी मूर्ति और उत्तरी से मूर्ति निर्माता राम पाल का सम्मान कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस आयोजन का नेतृत्व अनुप सिंह, राकेश सिंह और विकास बंसल ने किया। प्रमुख आशिष बाल्मिकी और राहुल पंडित के साथ समिति के सभी सदस्य अर्णव रॉय, अभिजीत दास, तन्मय घोराई, राहुल चौरसिया, अंकित बाल्मिकी, सनी जैस्वारा, अनिकेत शॉ, संतन मिश्रा, अरुष पांडे, विनय राय, अंकित तिवारी, विशाल कुमार शॉ, यशिंदर सिंह, आकाश घोराई, कुनाल बाल्मिकी, करन दास, शिवा धनुक, काशी माल्लिक, सतिंदर शर्मा, विजय धनुक और संजय सिंह की उपस्थिति में यह शुभारंभ बेहद भव्य और प्रेरणादायक रहा।



# कोलकाता में नवकार महामंत्र दिवस पर ऐतिहासिक आध्यात्मिक का आयोजन

**❑ शांति और सांप्रदायिक सद्भाव के लिए वैश्विक आंदोलन**

**कोलकाता, समाज्ञा :** नवकार महामंत्र दिवस का भव्य उत्सव कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम में 9 अप्रैल को आयोजित होने जा रहा है। यह आयोजन जीतो कोलकाता चैप्टर द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जिसमें शहर भर के प्रमुख जैन संस्थानों और संगठनों का सहयोग प्राप्त है। यह ऐतिहासिक कार्यक्रम सभी जैन संप्रदायों और सभी धर्मों को एक मंच पर लाकर विश्वास की एकता की शक्ति का उदाहरण प्रस्तुत करेगा। इस आयोजन में पश्चिम बंगाल की माननीय मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी शिरकत करेंगी, जिनकी उपस्थिति इस ऐतिहासिक सभा की महत्ता को और बढ़ाएगी। इसके अलावा, सभी धर्मों के प्रसिद्ध धार्मिक गुरुओं, साधुओं, सध्वियों और धर्माधिकारियों की उपस्थिति रहेगी, जो सांप्रदायिक एकता और आपसी भाईचारे का संदेश देंगे।



जीतो कोलकाता के महासचिव **सुमित कोठारी** ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य शांति, समावेशिता और सार्वभौमिक भाईचारे को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में धार्मिक उपदेशों और आंतरिक शांति की शक्ति पर विचार-विमर्श किया जाएगा, साथ ही विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों और राज-नेताओं से आशीर्वाद प्राप्त होगा।

इस वैश्विक पहल में 108 से अधिक देशों में हजारों भक्त नवकार महामंत्र का जाप करेंगे, जो सकारात्मकता, आध्यात्मिक जागृति और वैश्विक सद्भाव का संदेश फैलाएगा जैसा कि जीतो कोलकाता चैप्टर के अध्यक्ष **धर्मेंद्र जैन** ने बताया। उन्होंने आगे कहा कि, पूरे दुनिया में नवकार महामंत्र एक ऐसा मंत्र है, जिसमें केवल गुणों की पूजा की गई है, न कि किसी व्यक्ति विशेष की। हमारे जैन धर्म के अन्य मंत्रों में हर व्यक्ति विशेष की पूजा होती है, लेकिन नवकार महामंत्र में यह विशेषता है कि यह एक सार्वभौमिक मंत्र है, जिसे किसी भी धर्म और किसी भी संप्रदाय का व्यक्ति जाप कर सकता है। इस मंत्र में पांच पद होते हैं, जिनके माध्यम से सभी देवी-देवताओं को नमस्कार किया जाता है। यह मंत्र सभी के लिए एकजुटता, शांति और समरसता का प्रतीक है, जो सभी को एकजुट करता है।

आरडीबी ग्रुप के **विनोद दुग्गड़** ने अपने वक्तव्य में कहा, आज के इस दुनिया में, जो सृष्टि पर चल रही है, वहां अहिंसा परमो धर्म का बहुत बड़ा महत्व है। भगवान महावीर की वाणी को घर-घर पहुंचाना हम सभी का उद्देश्य होना चाहिए। जैन धर्म केवल एक धर्म नहीं है, बल्कि यह एक विश्वास है, जो हर जीव-जंतु और हर प्राणी को सम्मान और प्रेम की दृष्टि से देखता है। यह धर्म न सिर्फ धार्मिक ज्ञान प्रदान करता है, बल्कि यह हमें जीवन को एक आदर्श और शांति से जीने की प्रेरणा भी देता है। हमारी माननीय मुख्यमंत्री जो हमेशा जैन धर्म के प्रति जागरूक हैं, वह इसे एक विशेष दर्जा देती हैं। उनके इस समर्थन के लिए हम हमेशा आभारी रहेंगे।

**दिनेश जैन** ने अपने वक्तव्य में कहा, कोलकाता में होने वाला यह आयोजन सचमुच एक भव्य और ऐतिहासिक कार्यक्रम होगा। यह आयोजन न केवल जैन धर्म के अनुयायियों के लिए, बल्कि सभी धर्मों के लोगों के लिए एक प्रेरणा का स्रोत बनेगा।

**चंद्रेश मेघानी** ने अपने वक्तव्य में कहा, यह आयोजन एक ऐतिहासिक अवसर होगा, और हमें इसे एक बड़े पैमाने पर प्रचारित करने की आवश्यकता है। इस आयोजन का सही तरीके से प्रचार करना ही हमारा उद्देश्य होना चाहिए।

इस मौके पर बीएमडी समूह के कमल दुग्गड़ सहित अन्य गणमान्य अतिथि विवेक जैन, निर्मल बिंदायका जैन, रतनलाल दुग्गड़, राजेंद्र कुमार जैन, विवेक जैन, ऋषभ नाहटा, शशि जैन दुग्गड, संदीप बुचा, दिनेश जैन गंगवाल, नरेंद्र बरडिया, प्रदीप पटवा, डॉ. सुनीता सेठिया (अध्यक्ष), सीए कोमल मेहता, ऋषभ सेठिया, अनुभव जैन, विनोद संचेती, प्रेमल मेहता, आदित्य श्यामसुखा, अनीता गंगवाल और अन्य समिति सदस्य उपस्थित रहे।

# गौरी रूप में पूजित हुई मां राज राजेश्वरी, अपनी मनोकामना लेकर मंदिर पहुंचे हजारों भक्त

**❑ देवी रूप में नौ कन्या का हुआ पूजन, चैत्र नवरात्रि की महाअष्टमी पर मां ललितम्बा की भव्य आराधना,**

**हुगली :** चैत्र नवरात्रि की महाअष्टमी के पावन अवसर पर कोन्ननगर स्थित सिद्धपीठ राज राजेश्वरी सेवा मठ में मां ललितम्बा की पूजा गौरी स्वरूप में बड़े धूमधाम और श्रद्धा के साथ संपन्न हुई। इस पूजा का आयोजन आदि जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज द्वारा स्थापित इस मठ में किया गया। सुबह से ही मंदिर में मां भगवती की अर्चना, पूजा, आरती और संध्या आरती का आयोजन किया गया। मंदिर को विशेष रूप से श्रृंगारित किया गया, फूलों, फलों और मेवों से सजाया गया, जिससे पूरा परिसर दिव्य आभा से आलोकित हो उठा। इस पूजा कार्यक्रम का नेतृत्व मंदिर के प्रभारी ब्रह्मचारी सच्चित स्वरूप महाराज, उपप्रभारी श्रीधर शास्त्री और ज्योतिषाचार्य रवि शंकर द्विवेदी ने किया।



इस अवसर पर संधि पूजन, कन्या पूजन और बटुक भैरव पूजन मंत्रोच्चार के साथ विधिवत संपन्न हुए। नौ कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर पूजन किया गया और एक बटुक भैरव की पूजा की गई, उन्हें भोजन और उपहार दिए गए। तत्पश्चात श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें प्रसाद वितरण किया गया। मंदिर को रंग-बिरंगी पताकाओं और बिजली की झालरों से सजाया गया था, जिससे वह और भी भव्य नजर आ रहा था। सुबह से ही भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा, जो दूर-दूर से मां ललितम्बा के दर्शन और आशीर्वाद के लिए पहुंचे। श्रद्धालुओं में यह विश्वास है कि इस मंदिर में आने वाला कोई भी भक्त खाली हाथ नहीं लौटता और मां उसकी सभी मुरादें पूरी करती हैं। इस अवसर पर सुहागिन महिलाओं को सुहाग पिटारा भी वितरित किया गया।

मंदिर के प्रभारी ब्रह्मचारी सच्चित स्वरूप महाराज और उपप्रभारी श्रीधर शास्त्री जी ने उपस्थित श्रद्धालुओं को नवरात्रि की शुभकामनाएं दी और उनके जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। प्रभारी महाराज ने कहा कि हिंदू धर्म में चार नवरात्रियां होती हैं-दो गुप्त और दो उदित, जिनमें से शारदीय और चैत्र नवरात्रि विशेष महत्व रखते हैं। चैत्र नवरात्रि को सनातन धर्म के नए वर्ष की शुरुआत और शक्ति उपासना का प्रतीक माना जाता है, जो पूरे भारतवर्ष में श्रद्धा और आस्था के साथ मनाई जाती है।

उन्होंने राम नवमी के अवसर पर शस्त्र पूजन करने की पारंपरिक बात कही और उच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन करने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी कहा, धर्म का प्रचार शांति और सद्भाव के साथ किया जाना चाहिए। भगवान राम ने 14 वर्षों का वनवास झेला और रामराज्य का अर्थ है-एकता, भाईचारा, सुख, समृद्धि और शांति। राम नवमी पर हर घर में दीप जलाएं और भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपनाएं।

# सियालदह डीआरएम भवन जगमग रोशनी में सजा

**कोलकाता :** 'सिटी ऑफ जॉय' यानी कोलकाता का सबसे महत्वपूर्ण परिवहन केंद्र सियालदह स्टेशन है, जो उत्तर 24 परगना, दक्षिण 24 परगना, नदिया, मुर्शिदाबाद और हावड़ा व हुगली के कुछ हिस्सों को शहर से जोड़ता है। यह स्टेशन कोलकाता के केंद्र में स्थित है और पूरे क्षेत्र के लिए एक अहम द्वार की भूमिका निभाता है। मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के अलावा सियालदह मंडल प्रतिदिन लगभग 950 ईएमयू/मेमू सेवाएं संचालित करता है। यह स्टेशन प्रतिदिन 15 से 18 लाख यात्रियों को सेवाएं देता है, जो किसी भी एकल रेलवे स्टेशन के लिए देश में सर्वाधिक है। सियालदह स्टेशन अब कोलकाता मेट्रो की ग्रीन लाइन से भी जुड़ा है, जिससे यात्रियों को तीव्रगामी परिवहन व्यवस्था से सहज संपर्क प्राप्त होता है।



दीपक निगम, मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) / सियालदह के कुशल एवं गतिशील नेतृत्व में अमृत भारत स्टेशन परियोजना के तहत अनेक अधोसंरचना विकास कार्य रिकॉर्ड गति से पूरे किए जा रहे हैं। नवसज्जित सियालदह स्टेशन परिसर में अत्याधुनिक सुविधाएं विकसित की गई हैं जिनमें 12 कोच की ईएमयू ट्रेनों को समाहित करने वाले कई प्लेटफॉर्म, प्रतीक्षालय, फूड कोर्ट, दुकानें और एग्जीक्यूटिव रेस्ट रूम शामिल हैं। हाल ही में सियालदह दक्षिण स्टेशन पर एक नया प्रवेश/निकास द्वार खोला गया है और मेट्रो स्टेशन तक सुगम पहुंच के लिए एक सबवे भी चालू किया गया है।

1869 में निर्मित सियालदह डीआरएम भवन, जो प्लेटफॉर्म नंबर 1 के बगल में स्थित है, सियालदह मंडल (715 किलोमीटर लंबा और 100% विद्युतीकृत) का प्रशासनिक केंद्र है। श्री दीपक निगम के नेतृत्व में इस भवन को नाम नवमी के पावन अवसर पर स्थायी रूप से आकर्षक रोशनी से सजाया गया है, जिससे यह अब एक भव्य दृश्य प्रस्तुत करता है और पूरे स्टेशन परिसर को एक नई गरिमा प्रदान करता है।



डॉ. एस. के. सैनी

# शिकार बुर्ज और बानगंगा, बूंदी, राजस्थान

## हमारी अंजानी धरोहर-65

राजस्थान का खूबसूरत शहर बूंदी घाटी के बीच में बसा हुआ है। बायपास रोड से यह पूरा शहर दिखाई देता है। सबसे पुरानी रियासत बूँदी ही थी,कोटा और झालावाड़ बाद में अलग बसे और बने। पहाड़ियों के समीप बने फूल सागर तालाब से होते हुए अरावली की पहाड़ियों की तलहाटी में ही बूंदी शहर से 5 किलोमीटर दूर एक अद्भुत रमणीक स्थल है। जेत सागर तालाब के बगल में से होते हुए हम लोग शिकार बुर्ज पहुंचते हैं। आप लोग सोचते होंगे कि यह राजा महाराजाओं द्वारा जंगली जानवरों के शिकार के लिए बनाई गई एक जगह होगी। महाराज बूंदी के महाराजा राव उमेद सिंह जब वृद्धावस्था की ओर बढ़ने लगे तो उन्होंने संन्यास आश्रम लेने की ठानी। उन्होंने रियासत अपने बेटे अजीत सिंह को राजगद्दी पर बिठाकर सम्भला दी। इसके लिए उन्होंने पहले से ही तैयारी कर रखी थी। उन्होंने अरावली की पहाड़ियों की तलहटी में फुल सागर से लगभग 3 किलोमीटर दूर अपने एकांतवास के लिए एक महल बनाना शुरू किया। महल भी ऐसा था जिसमें सारी सुख सुविधा थी किंतु नौकर नाम मात्र के। महाराज अधिकतर काम खुद किया करते थे। उन्होंने स्वेच्छा से राजपाट छोड़कर यह एकांतवास अपने लिए तय किया था ताकि भगवान की आराधना में अपना समय व्यतीत कर सकें। यह अद्भुत इमारत चारों ओर घने वृक्षों और खजुरिया से ढकी भी हैं फिर भी इसका वजूद दूर से ही दिखाई देता है यह एक शानदार इमारत है। वहीं पर पानी का एक बहता हुआ



सोता था जिसके दोनों और तटबंधों का निर्माण करके सीढ़ियों का निर्माण करके लोगों के लिए स्नान और तैरने की व्यवस्था की गई। 1770 मे महाराज उमेद सिंह की मृत्यु हुई अपनी आखिरी सांस तक में यही शिकार बुर्ज में ही रहते रहे वहीं उनका पसंदीदा और प्यार घोड़ा है हय बहादुर भी रहता था।

आज यह खूबसूरत अनजानी धरोहर उपेक्षा का शिकार बनी हुई है। रखरखाव न होने के बावजूद भी यही इमारत बुलंद है किंतु आसपास झाड़ियां बढ़ गई है तालाब का पानी गंदा हो गया है और बैंगन का सूखने लगी है गर्मियों में इसका पानी पूरी तरह सूख जाता है।

इस खूबसूरत इमारत में कई कमरे हैं बरामदे हैं और सीढ़ियां हैं जो आगे तालाब तक पहुंचती हैं। यह खूबसूरत और मजबूत इमारत अपनी भव्यता का खुद वर्णन करती हुई प्रतीत होती है। पास ही मुक्तिधाम है यहां से लोक दाह संस्कार करने के पश्चात इसी बाणगंगा में आकर के स्नान करते हैं वहां मात्र थोड़ा सा पानी जो बचा हुआ है

वह पानी भी गंदा हो चुका होता है। आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ़ इंडिया को चाहिए कि वह इस खूबसूरत इमारत को अपने हाथ में ले संरक्षित करें और यहां पानी का बारहमासी स्रोत पुनः बहाने की व्यवस्था करें। यह मजबूत इमारत बलवे पत्थरों से बनी हुई है जो कोटा बूंदी बिजोलिया भीलवाड़ा में प्रचुर मात्रा में विद्यमान है।



# पढ़ने से बढ़ने का रास्ता खुलता है



डॉ त्रिलोक नाथ पांडेय

अक्षय को पढ़ाई में सबसे कठिन विषय लगता था- हिन्दी। उसे लगने लगा था कि यह केवल लंबी कविताओं, कठिन व्याकरण और भारी भरकम निबंधों से भरा विषय है। स्कूल में जब भी हिन्दी की किताब खोली जाती, अक्षय ऊब जाता और उसे समझने में कठिनाई महसूस होती।

कक्षा में जब शिक्षिका संध्या मैम कोई कविता पढ़वातीं, तो अक्षय हमेशा सिर झुका लेता, ताकि उसे न बुलाया जाए। परीक्षा में भी उसके हिन्दी के अंक सबसे कम आते थे। उसके माता-पिता परेशान थे कि जब यह उसकी मातृभाषा है, तो उसे हिन्दी से इतनी परेशानी क्यों होती है?

एक दिन, संध्या मैम ने कक्षा में सभी छात्रों से उनकी पसंदीदा किताब के बारे में पूछा। कुछ बच्चों ने पंचतंत्र, कुछ ने अकबर-बीरबल और कुछ ने रामायण-महाभारत के बारे में बताया। अक्षय चुपचाप बैठा रहा। मैम ने जब उससे पूछा, तो उसने धीरे से कहा, मुझे पढ़ना पसंद नहीं है, मैम।

मैम मुस्कुराईं और बोलीं, शायद तुम्हें अभी तक कोई रोचक किताब नहीं मिली। फिर उन्होंने लाइब्रेरी से अक्षय को स्वामी विवेकानंद की प्रेरणादायक कहानियाँ नामक एक पुस्तक दी और कहा, इसमें कुछ छोटी कहानियाँ हैं। हर दिन बस एक कहानी पढ़ने की कोशिश करो।

पहले तो अक्षय को कुछ समझ नहीं आया, लेकिन उसने किताब को उलटना-पलटना शुरू किया। पहली कहानी थी-उठो, जागो और लक्ष्य तक मत रुको। कहानी में बताया गया था कि कैसे स्वामी विवेकानंद ने अपने सपनों को पूरा करने के लिए कठिन परिश्रम किया और दूसरों को भी प्रेरित किया। अक्षय को यह कहानी पसंद आई।

अब वह हर दिन एक कहानी पढ़ने लगा। कभी अकबर-बीरबल की चतुराई, तो कभी तेनालीराम के हास्य प्रसंग। धीरे-धीरे उसे हिन्दी पढ़ने में आनंद आने लगा। उसके शब्द भंडार में वृद्धि होने लगी और उसकी रुचि भी बढ़ती गई।

कुछ महीनों बाद, स्कूल में हिन्दी कविता वाचन प्रतियोगिता आयोजित हुई। संध्या मैम ने अक्षय को भाग लेने के लिए प्रेरित किया। पहले तो वह डर गया, लेकिन अब वह आत्मविश्वास से भरा था। उसने सुभाषितानि में से एक प्रेरणादायक कविता चुनी और पूरे जोश के साथ मंच पर सुनाई। उसकी आवाज़ में आत्मविश्वास था, शब्दों में गहराई थी, और भावनाओं में सच्चाई थी।

पूरा हाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। अक्षय को प्रथम पुरस्कार मिला! वह स्वयं भी विश्वास नहीं कर पा रहा था कि वही अक्षय, जिसे कभी हिन्दी समझने में कठिनाई होती थी, अब सबके सामने बोलने की हिम्मत कर रहा था।

संध्या मैम ने मंच पर आकर कहा, जब हम सही तरीके से पढ़ने की आदत डालते हैं, तो भाषा हमें एक नई दुनिया में ले जाती है। अक्षय ने यह साबित कर दिया है कि हिन्दी कठिन नहीं, बल्कि सुंदर और प्रेरणादायक भाषा है।

उस दिन के बाद, अक्षय की दुनिया बदल गई। अब वह हिन्दी को सिर्फ एक विषय नहीं, बल्कि एक रंगीन, ज्ञानवर्धक और रोचक भाषा के रूप में देखने लगा।



डॉ.मंजरी शुक्ला

# मिट्ठू

अपने बगल में दूसरे तोते का पिंजरा लटका हुआ देख मिट्ठू को बड़ा आश्चर्य हुआ।

मुझे तो किसी ने बताया भी नहीं कि घर में दूसरा तोता आ रहा है। मिट्ठू ने सोचा तभी सामने से चीनू उछलता कूदता आया और मम्मी से बोला-मम्मी, मेरा तोता कब आएगा?

पापा ने बोला है ना आ जाएगा, अब जाओ और मिट्ठू के साथ खेलो।

चीनू ने तुरंत सब्जी की टोकरी से दो हरी मिर्ची उठाई और मिट्ठू के पास चला गया।

पर हर बार की तरह ना तो मिट्ठू खुश होता हुआ चीनू की हथेली पर बैठा और ना ही उसने मिर्ची की तरफ देखा।

मिट्ठू, मेरे प्यारे मिट्ठू, तुम दुखी हो क्या? चीनू ने मिट्ठू के ऊपर बड़े ही प्यार से हाथ फेरते हुए कहा

अब मिट्ठू बेचारा क्या कहता।

वह तो सच में बहुत दुखी था।

उसने धीरे से कहा-तुम तो मुझे इतना प्यार करते हो फिर दूसरा तोता लाने की क्या जरुरत है?

पर चीनू को तो सिर्फ़ टें-टें ही सुनाई पड़ी। उसने प्यार से मिट्ठू को उठा लिया और मम्मी से बोला-आज मिट्ठू का मन हरी मिर्ची खाने का नहीं है, उसे दूध रोटी दे दो।

पर क्या हरी मिर्ची और क्या दूध रोटी, मिट्ठू ने निगाह उठाकर किसी भी चीज़ को देखा तक नहीं।

चीनू के साथ साथ मम्मी भी बहुत देर तक मिट्ठू को खाना खिलाने की कोशिश करती रही पर फिर थक हार कर सोने चली गई।

पहली बार मिट्ठू को चीनू के पापा के आने का इंतज़ार भी नहीं था।

वह सोच रहा था कि जैसे ही पापा आएँगे तो अपने साथ दूसरा तोता भी ले आएँगे और फिर उसे कोई प्यार नहीं करेगा।

मिट्ठू के कान दरवाज़े पर ही लगे थे। जैसे ही कोई घर के पास आता मिट्ठू के दिल की धड़कने तेज हो जाती।

आधी रात बीत चुकी थी और उसे बुरी तरह से भूख लग रही थी।

पर उसकी जिद और उसका गुस्सा उसे खाना खाने से रोक रहे थे।

तभी उसे बड़ी सी काली बिल्ली दिखी। अँधेरे में चमकती दो आँखें देख उसका दिल सहम गया।

उसने अपनी गोल गोल आखें घुमाते हुए तुरंत अपने पिंजरें को चारों ओर से देखा। पर पिंजरा अच्छी तरह से बंद था। चीनू बिल्ली के डर से उसके पिंजरें का दरवाज़ा बंद करना कभी नहीं भूलता था।

पर मिट्ठू धीरे से थोड़ा सा पीछे हो गया क्योंकि बिल्ली बहुत शैतान थी।

वह जोर से पंजा मार देती थी और बेचारा मिट्ठू दर्द से बिलबिला उठता था।

तभी चीनू के पापा उसके लिए इतना मजबूत और बड़ा पिंजरा बनवा कर लाये थे।

मिट्ठू को याद आया कि बहुत तेज धूप में, इतना बड़ा पिंजरा हाथ में पकड़े, जब पापा घर के अंदर आये थे तो सब उन्हें देखकर घबरा ही गए थे। वह पसीने में लथपथ थे और बुरी तरह हांफ रहे थे।

दादी ने कितना डाँटा था पापा को, पर पापा बोले थे किये आख़िरी पिंजरा था उस दूकान पर, अगर ये बिक जाता तो महीने भर तक इतना बढ़िया पिंजरा नहीं आना था और मिट्ठू कि सुरक्षा के लिए उन्हें वह पिंजरा लाना ही पड़ा।

पापा का प्यार याद करते हुए मिट्ठू की आँखें भर आई।

कितना प्यार करते है मुझे सब इस घर में...मिट्ठू ने सोचा



मिट्ठू को खुद पर शर्म आ गई। कितना स्वार्थी है वो ...उन्हीं पापा के लिए वह सोच रहा है कि वह घर ना आये तो कितना अच्छा हो।

मिट्ठू ने सोचा--वह नए तोते का भी स्वागत करेगा। अपने मन में ईर्ष्या का भाव बिलकुल नहीं लाएगा। वह भी तो घर भर में सबसे बहुत प्यार करता है। उसका प्यार भी तो कभी नहीं बंटा।

मिट्ठू को यह सोचकर अब बहुत अच्छा महसूस हो रहा था।

वह दरवाज़े की ओर देखते हुए पापा का इंतज़ार करने लगा।

पता नहीं कब उसकी आँखें बंद हो गई और वह गहरी नींद में सो गया।

उसकी नींद चीनू की आवाज़ से खुली जो उसके पिंजरें का दरवाज़ा खोल रहा था।

मिट्ठू फुदकते हुए उसकी हथेली पर जा बैठा।

पता है मिट्ठू, मुझे लगा कि रात को तेरी तबीयत ठीक नहीं थी इसलिए तुमने खाना नहीं खाया और फिर पता है मैं भी बिना खाये सो गया।

मिट्ठू तुरंत चीनू के सिर पर बैठ गया ताकि चीनू खुश हो जाए।

आज तो स्कूल की छुट्टी है ना, तुम भी नाश्ता कर लो और मिट्ठू को भी अपने साथ ही खिला दो। मम्मी ने कहा

तभी दरवाज़े की घंटी बजी और बाहर से पापा की आवाज़ आई-चीनू, देखो तुम्हारा तोता आ गया।

चीनू ख़ुशी के मारे दौड़ता हुआ दरवाज़े के पास जा पहुंचा और चिल्लाया-मम्मी, पापा आ गए, जल्दी से दरवाज़ा खोलो।

मम्मी हँसते हुए बोली-जब तुम्हारा हाथ दरवाज़े की कुण्डी तक नहीं पहुँचता है तो क्यों दौड़ते हुए सबसे पहले पहुँच जाते हो?

जल्दी खोलो, जल्दी खोलो। कहते हुए चीनू कूदने लगा।

मम्मी के दरवाज़ा खोलते ही चीनू पापा के पैरों से लिपट गया और बोला-आप रात में क्यों नहीं आए? मैं बहुत गुस्सा हूँ आपसे।

गुस्सा बाद में होना, पहले अपने तोते को तो पिंजरें में रख दो। पापा प्यार से बोले

मिट्ठू ने इधर उधर आश्चर्य से देखा पर उसे दूसरा तोता कहीं भी नज़र नहीं आया।

तभी पापा ने एक सुर्ख हरे रंग का खूबसूरत सा तोता अपने बैग से निकाला और चीनू को पकड़ा दिया।

जब घर में जीता जागता तोता मौजूद है तो फिर मिट्टी के तोते के लिए क्यों पूरे घर को अपने सिर पर उठा रखा था। दादी थोड़ा गुस्से से बोली


अरे दादी, धीरे बोलो, ये तोता तो मैंने उस काली बिल्ली को चकमा देने के लिए मंगवाया है। इस पिंजरें को हम आँगन में टांगा करेंगे और वो इसे मिट्ठू समझकर इसी पिंजरें पर हाथ पैर मारा करेगी।

पापा बोले-हमारा चीनू तो बड़ा समझदार है।

चीनू ये सुनकर बहुत खुश हो गया और पापा के गले लग गया।

और मिट्ठू...मिट्ठू तो चीनू का प्यार देखकर रोये जा रहा था...बस रोये जा रहा था।

# कश्मीर घाटी की खूबसूरत रेलगाड़ी पुस्तक का जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा द्वारा लोकार्पण



कोलकाता, समाज्ञा जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने नई दिल्ली में डॉक्टर एसके सैनी द्वारा रचित पुस्तक कश्मीर घाटी की खूबसूरत रेलगाड़ी का अवलोकन किया और इसका लोकार्पण किया। डॉक्टर सैनी, जो सेवानिवृत्त महानिरीक्षक रेलवे सुरक्षा बल के पद पर कार्यरत रहे हैं, ने इस पुस्तक में कश्मीर घाटी में रेलवे सेवाओं की यात्रा और वहां की सुरक्षा व्यवस्थ-ाओं का विस्तृत वर्णन किया है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने डॉक्टर सैनी के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि यह पुस्तक कश्मीर घाटी के अद्वितीय सौंदर्य और वहां के रेलवे नेटवर्क को दर्शाने वाली एक महत्वपूर्ण कृति है। उन्होंने यह भी बताया कि माननीय प्रधानमंत्री जी शीघ्र ही कटरा से कश्मीर घाटी तक रेल सेवा का शुभारंभ करने जा रहे हैं, जो इस क्षेत्र के विकास में एक नई क्रांति लाएगा। डॉ एसके सैनी ने इस पुस्तक को उत्तर रेलवे, इरकॉन, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और रेलवे सुरक्षा बल के उन सभी कर्मचारियों, जवानों और अधिकारियों को समर्पित किया है, जिन्होंने कश्मीर घाटी में रेल नेटवर्क के निर्माण और संचालन के दौरान आतंकवाद से जूझते हुए अपने कर्तव्यों का पालन किया और अपने प्राणों की आहुति दी।

# तेजी से बढ़ते जा रहे हैं विवाह पूर्व यौन संबंध

पूनम दिनकर



एक सर्वे रिपोर्ट के अनुसार देश के युवाओं की कुल जनसंख्या में से पचीस प्रतिशत युवा विवाह पूर्व सेक्स संबंध बना चुके होते हैं। देश के ग्यारह शहरों में कराये गये इस सर्वे में यह पाया गया कि 18-30 वर्ष की हर चार में से एक महिला विवाह पूर्व सेक्स संबंध बना चुकी होती है।

चौंकाने वाली बात यह सामने आई कि 42 फीसदी लोगों ने यह कहा कि उनका पहला सेक्स एनकाउंटर 19-24 वर्ष की उम्र में हुआ जबकि 25 फीसदी लोग ऐसे थे जो 15-18 वर्ष की उम्र में ही सेक्स संबंध बना चुके थे। सर्वे में यह बात भी सामने आई है कि एक तिहाई महिलाओं के ऐसे पुरूषों से भी शारीरिक संबंध थे जिनसे उन्होंने कभी प्यार नहीं किया।

दरअसल पिछले लगभग तीन दशकों में आर्थिक उदारीकरण, टीवी के विस्तार, कम्प्यूटर-इंटरनेट, वैश्वीकरण, मोबाइल्स, एसएमएस, एमएमएस ने पूरी दुनिया को ग्लोबल विलेज में बदल दिया है। बदलाव के इन्हीं वर्षों में लड़कियों को संभवतः पहली बार आर्थिक आजादी पाने का अहसास हो रहा है। वे बाहर की दुनिया में निकल रही हैं। उन्हें मालूम है कि उन्हें अपने कैरियर को कैसे दिशा देनी है। वे जवान होते ही शादी करके ससुराल नहीं जाना चाहती।

एम.बी.ए. की छात्रा शालिनी का कहना है कि हम पुराने मूल्यों के साथ आज की जरूरतों को पूरा नहीं कर सकते। आज का दौर हाईटेक और स्पीड का दौर है। यहां सब कुछ तेजी से और तुरंत होता है। ऐसे में पुराने मूल्यों के साथ आगे बढ़ने की सोचना क्या मूर्खता नहीं कहलाएगी? पेट की भूख को शांत करने के लिए हम कुछ भी खाने को तैयार रहते हैं तो फिर शारीरिक भूख के लिए शादी का इंतजार क्यों? एहतियात बरतकर शारीरिक संबंध बनाने में हर्ज क्या हैं?

यह बात नहीं है कि यह सोच सिर्फ नगरों या महानगरों में रहने वाली युवतियों की ही हो। ग्रामीण परिवेश रहने वाली युवतियां भी पुराने मूल्यों को न मानकर फ्रेंडशिप बनाने में रूचि रखने लगी हैं। ग्रामीण क्षेत्रा की इंटर कॉलेज में पढ़ने वाली श्रुति का कहना है कि आज के समय में यदि किसी लड़की का ब्वायफ्रेंड नहीं है तो लड़के उसे दब्बू कहते हैं और किसी लड़के की गर्लफ्रेंड नहीं है तो उससे लड़कियां उसे चिढ़ाती हैं। आज के समय में उसी लड़की को अधिक स्मार्ट माना जाता है जिसके अधिक ब्वायफ्रेंड होते हैं। ऐसे में शारीरिक संबंध किसी न किसी से बन ही जाया करता है। लड़की को तभी बुरी नजर से देखा जाता है जब वह गर्भवती हो जाती है। विज्ञापनों के माध्यम से हमें पता है कि शारीरिक संबंध बनाने से पहले किन एहतियातों को अपनाना है। फिर हर्ज क्या है?

आज के समय में एंजॉयमेंट का दर्शन न सिर्फ युवतियों में ही दिखाई देता है बल्कि युवाओं में भी देखने को मिलता है। यही एंजॉयमेंट सेक्स को भी एंजॉय करने के लिए प्रेरित करता है। मेडिकल छात्रा प्रभाकर का कहना है कि आज की स्टेऱसफुल लाइफ में हर व्यक्ति एंजॉयमेंट चाहता है और इसके लिए मैं अपनी गर्ल फ्रेंड से सेक्स करना चाहता हूं तो इसमें बुराई ही क्या है? अगर वह सेक्स से इंकार करेगी तो मैं किसी और के साथ करूंगा।

एक प्राइवेट स्कूल में कार्य करने वाली शिक्षिका दीपिका का कहना है कि प्रेम और सेक्स में बहुत अंतर है। एंजॉयमेंट में कोई बुराई नहीं है किंतु शादी से पहले मैं शारीरिक संबंध बनाना नहीं चाहती क्योंकि जो काम शादी के बाद के लिए तय किये गये हैं, वे शादी के बाद ही होने चाहिए अन्यथा शादी के बाद का मजा क्या रहेगा? वह दार्शनिक अंदाज में कहती है-'दरअसल लड़कों के लिए दिल का रास्ता देह से होकर जाता है किंतु लड़कियों के लिए देह का रास्ता दिल से होकर जाता है। इसलिए लड़के सेक्स संबंध बनाने में अधिक रूचि लेते हैं।

दरअसल आज के यंगस्टर्स को सेक्स की दुनिया को एक्सप्लोर करने से रोका नहीं जा सकता और उन पर जबरदस्ती अंकुश तो लगाया ही नहीं जा सकता। इसी कारण भारतीय समाज में सेक्स से जुडे. मिथक अब टूटने लगे हैं और युवा नहीं चाहते कि वे सेक्स की इस रहस्यमयी दुनिया से अनजान रहें। यह रिश्ता भले ही कुछ न कहलाता हो फिर भी वे शादी से पूर्व शारीरिक संबंध बनाने के पक्षधर दिखाई देते हैं।

एक कंपनी में कम्प्यूटर पर काम करने वाली 22 वर्षीया मुस्कान कहती है-'मैंने पहली बार पन्द्रह साल की उम्र में ही अपने ब्वायफ्रेंड के साथ शारीरिक संबंध बनाया था। तब मुझे लगता था कि मैं उससे प्यार करती हूं। बाद में मुझे यह लगा कि मैं उसे प्यार नहीं करती हूं। फिर भी मैंने उसके साथ सेक्स संबंधों को खूब एंजाय किया। मैं शादी करने के पक्ष में अभी नहीं हूं किंतु हर रात इस सुख से वंचित भी नहीं रहती। अब इस रिश्ते का क्या नाम होगा? (उर्वशी)

## रेसिपी कार्नर

# हेल्दी नूडल्स




आज रविवार का दिन है, ऐसे में हर बच्चे की छुट्टी है। बच्चों के साथ-साथ आज पूरा परिवार घर पर रहता है। ऐसे में कुछ स्पेशल पकवान बनाना तो बनता है। इसी के चलते हम आपको घर पर बाजार जैसे नूडल्स बनाने की आसान विधि बताने जा रहे हैं।

नूडल्स एक ऐसी डिश है, जिसे बच्चे से लेकर बड़े तक खूब चाव से खाते हैं लेकिन ये काफी अनहेल्दी होती है। इसी के चलते हम आपको आज हेल्दी नूडल्स बनाने की विधि बताने जा रहे हैं, ताकि आप अपने परिवार के लिए भी स्वादिष्ट और हेल्दी नूडल्स बना सकें।

### हेल्दी नूडल्स बनाने का सामान

गेहूं या मल्टीग्रेन नूडल्स- 1 कप
गाजर - ट कप
शिमला मिर्च - ट कप
बीन्स - ञ कप
पत्ता गोभी - ट कप
स्वीट कॉर्न - ञ कप
टमाटर प्यूरी - 2 टेबलस्पून
लहसुन - 2-3 कलियां
प्याज - ट कप
सोया सॉस - 1 टेबलस्पून
टमाटर सॉस - 1 टेबलस्पून
ऑलिव ऑयल या घी - 1 टेबलस्पून



नमक - स्वादानुसार
काली मिर्च पाउडर - ञ टीस्पून
ओरिगैनो / मिक्स हर्ब्स - ट टीस्पून

### विधि

हेल्दी नूडल्स बनाने के लिए सबसे पहले आपको सही नूडल्स का चयन करना है। इसके लिए मैदे से बनी नूडल्स की जगह आटा या फिर मल्टीग्रेन नूडल्स का इस्तेमाल करें। इसे लेकर सबसे पहले पानी में डालकर उबालना है। नूडल्स को उबालने के लिए पानी में थोड़ा सा तेल और नमक अवश्य डालें। पानी में पड़ा तेल नूडल्स को चिपकने नहीं देगा।

5 मिनट नूडल्स को उबलने के बाद इसे छानकर अलग निकाल लें। पानी से छानने के बाद नूडल्स में थोड़ा सा तेल लगा लें, ताकि ये चिपके नहीं।

अब बारी आती है सब्जियों को तैयार करने की तो इसके लिए सबसे पहले एक पैन में थोड़ा सा घी या ऑलिव ऑयल डालें। अब इसमें लहसुन और प्याज डालकर फ्राई करें। ये प्याज जब सुनहरा हो जाए तो सभी सब्जियों को एक साथ पैन में डालें और अच्छी तरह से फ्राई करें।

अब इसमें सोया सॉस, टमाटर प्यूरी, टमाटर सॉस, नमक, काली मिर्च और हर्ब्स डालें। अब सभी चीजों को अच्छी तरह मिक्स करें और फिर 1-2 मिनट तक पकने दें। अब उबले हुए नूडल्स डालें और अच्छे से टॉस करें ताकि सारे फ्लेवर अच्छी तरह मिक्स हो जाएं। अब दो से तीन मिनट इसे ढक के रख दें और फिर गरम-गरम परोसें।

## न्यूज इन ब्रीफ

### सरकारी ठेकों में मुसलमानों को आरक्षण के खिलाफ विहिप आठ अप्रैल को कर्नाटक में प्रदर्शन करेगी

**बेंगलुरु :** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने शनिवार को घोषणा की है कि वह सरकारी ठेकों में मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण लागू करने के सरकार के फैसले के खिलाफ आठ अप्रैल को राज्य के सभी जिला मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन करेगी। इसमें कहा गया है कि उसी दिन यहां फ्रीडम पार्क में एक विशाल विरोध रैली आयोजित की जाएगी। पिछले महीने विधानसभा द्वारा 'कर्नाटक ट्रांसपेरेंसी इन पब्लिक प्रोक्योरमेंट्स (अमेंडमेंट) बिल, 2025' पारित किया गया था, जिसके तहत दो करोड़ रुपये तक के (सरकारी) कार्यों के चार प्रतिशत ठेके और एक करोड़ रुपये तक के माल/सेवा खरीद ठेकों को मुसलमानों के लिए आरक्षित कर दिया गया है।

### झारखंड: माओवादियों के 16 बंकर नष्ट और चार आईईडी बरामद

**चाईबासा (झारखंड) :** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में सुरक्षाबलों ने माओवादियों के 16 बंकरों को शनिवार को नष्ट कर दिया और चार शक्तिशाली संवर्धित विस्फोटक उपकरण (आईईडी) बरामद किए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और झारखंड पुलिस के जवानों ने एक संयुक्त अभियान के दौरान जराइकेला थाना क्षेत्र के बाबूडेरा गांव के पास जंगल के रास्ते पर लगाए गए चार आईईडी का पता लगाया। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के कार्यकर्ताओं ने सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के लिए ये आईईडी लगाए थे। उन्होंने बताया कि इन आईईडी का वजन पांच-पांच किलोग्राम है, हालांकि बम निरोधक दस्ते ने इन्हें निष्क्रिय कर दिया। अधिकारी ने बताया कि सुरक्षाबलों को माओवादियों के 16 बड़े बंकर का भी पता चला, जिसके बाद उन्होंने इसे भी नष्ट कर दिया। उन्होंने बताया कि इन बंकरों में 40 से 50 नक्सली रह सकते थे। अधिकारी ने बताया कि जिले के नक्सल प्रभावित छोटानागरा और जराइकेला थाना क्षेत्रों में मिसिर बेसरा समेत माओवादियों के शीर्ष नेताओं की गतिविधि के बारे में मिली खुफिया जानकारी के आधार पर शनिवार को एक विशेष अभियान शुरू किया गया था।

## हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की तैनाती सिर्फ हमारे लिए नहीं बल्कि मित्र देशों के लिए भी है : राजनाथ



**करवार (कर्नाटक) :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कर्नाटक के करवार नौसैनिक अड्डे से हिंद महासागर पोत 'सागर' को हरी झंडी दिखाई और कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में मुक्त नौवहन, नियम आधारित व्यवस्था और शांति सुनिश्चित करना भारत का सबसे बड़ा उद्देश्य है। रणनीतिक रूप से महत्व-पूर्ण करवार नौसैनिक अड्डे पर लोगों को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा, ''हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की तैनाती सिर्फ हमारे लिए नहीं बल्कि मित्र देशों के लिए भी है।'' रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत का प्रयास हिंद महासागर क्षेत्र को और अधिक शांतिपूर्ण एवं समृद्ध बनाना है।

## हर दिल अजीज अभिनेता मनोज कुमार का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार



**मुंबई :** ''उपकार'' और ''क्रांति'' जैसी फिल्मों में देशभक्त नायक की भूमिका निभाकर 'भारत कुमार' के नाम से मशहूर हुए अभिनेता मनोज कुमार का शनिवार को यहां पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। उपनगरीय जुहू स्थित पवन हंस श्मशान घाट में अंतिम संस्कार के वक्त अमिताभ बच्चन और सलीम खान सहित मनोरंजन जगत की प्रमुख हस्तियां मौजूद रहीं। अंतिम संस्कार के वक्त उन्हें तीन बंदूकों की सलामी भी दी गई। अंतिम संस्कार करीब 11:30 बजे शुरू हुआ और कुमार के दो बेटों विशाल और कुणाल ने अपने पिता को मुखाग्नि दी। मनोज कुमार का शुक्रवार तड़के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में निधन हो गया था। वह 87 वर्ष के थे। अभिनेता राज बब्बर, अभिषेक बच्चन, जिमी शेरगिल, अरबाज खान, सुभाष घई, अनु मलिक, जायद खान, प्रेम चोपड़ा, राजपाल यादव, रंजीत और सुनील दर्शन भी अंतिम संस्कार में शामिल हुए। बच्चन और उनके बेट अभिषेक तथा सलीम खान और उनके बेटे अरबाज ने कुमार के अंतिम संस्कार के बाद उनके परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं जताईं। अभिनेता प्रेम चोपड़ा ने ''वो कौन थी?'', ''शहीद'', ''उपकार'', ''अनीता'', ''पूरब और पश्चिम'', ''संन्यासी'', ''कलयुग और रामायण'' तथा ''क्रांति'' जैसी फिल्मों में कुमार के साथ अभिनय किया था। उन्होंने कहा कि कुमार उनके सबसे अच्छे दोस्तों में से एक थे। चोपड़ा ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''हम शुरू से ही साथ रहे हैं। यह एक शानदार सफर रहा। उनके साथ काम करने से सभी को फ़ायदा हुआ है। उनके साथ काम करने के बाद मुझे भी फ़ायदा हुआ।

## जम्मू में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तानी घुसपैठिया सुरक्षा बलों की कार्रवाई में मारा गया

**जम्मू :** जम्मू में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की कार्रवाई में एक पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा गया। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, 'पाकिस्तानी रेंजर्स' द्वारा 'फ्लैग मीटिंग' में उसका शव लेने से इनकार करने के बाद अधिकारियों ने उचित इस्लामी रीति-रिवाजों से उसके शव को दफन कर दिया। उन्होंने बताया कि आरएस पुरा सेक्टर के अब्दुलियान इलाके में एक सीमा चौकी के पास शुक्रवार देर रात संदिग्ध गतिविधियां देखने के बाद बीएसएफ के जवानों द्वारा की गई कार्रवाई में 35 वर्षीय अज्ञात पाकिस्तानी मारा गया। अधिकारियों ने बताया कि बीएसएफ के जवान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की रविवार से जम्मू-कश्मीर की तीन दिवसीय यात्रा के मद्देनजर हाई अलर्ट पर हैं। उन्होंने इस घटना के बाद पाकिस्तान रेंजर्स के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया, ''बीएसएफ के सतर्क जवानों ने चार और पांच अप्रैल की दरमियानी रात को एक घुसपैठिए को अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करते देखा।'' उन्होंने बताया कि जवानों ने घुसपैठिए को रुकने को कहा लेकिन उसने उनकी बात नहीं मानी और आगे बढ़ता रहा। उन्होंने कहा, ''बीएसएफ के जवानों ने खतरे को भांपते हुए घुसपैठिए को मार गिराया। घुसपैठिए की पहचान और मकसद का पता लगाया जा रहा है।''

## नक्सली हिंसा छोड़ बस्तर की विकास यात्रा का हिस्सा बनें : अमित शाह



**दंतेवाड़ा :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को नक्सलियों से हिंसा छोड़ने और बस्तर की विकास यात्रा का हिस्सा बनने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जब कोई नक्सली मारा जाता है तो कोई भी खुश नहीं होता है। अमित शाह ने अगले वर्ष मार्च तक भारत से नक्सलवाद का सफाया होने का दावा करते हुए कहा कि अब नक्सली हथियारों के बल पर आदिवासियों के विकास को नहीं रोक सकते। शाह ने दंतेवाड़ा शहर में राज्य सरकार द्वारा आयोजित 'बस्तर पंडुम' महोत्सव के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि अगले वर्ष यह कार्यक्रम राज्य में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किया जाएगा, जिसमें देश भर के आदिवासी भाग लेंगे। शाह ने कहा, ''वह जमाना चला गया जब यहां पर गोलियां चलती थी बम धमाके होते थे। मैं उन सभी नक्सली भाइयों से अनुरोध करता हूं, जिनके हाथ में हथियार हैं और जिनके पास नहीं भी हैं, वे हथियार छोड़कर मुख्यधारा में शामिल हों।

## भारत ने भूकंप प्रभावित म्यांमा के लिए 442 मीट्रिक टन खाद्य सहायता पहुंचाई



**मांडले (म्यांमा) :** भारत ने भूकंप प्रभावित म्यांमा की मदद के लिए जारी 'ऑपरेशन ब्रह्मा' के तहत दक्षिणी तटीय क्षेत्र के थिलावा बंदरगाह पर शनिवार को यंगून क्षेत्र के मुख्यमंत्री को खाद्य सामग्री की एक बड़ी खेप सौंपी। म्यांमा में 28 मार्च को 7.7 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया था, जिसमें 3,100 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। भारत ने म्यांमा और थाईलैंड में आए भूकंप से हुई तबाही के बाद तलाश एवं बचाव (एसएआर), मानवीय सहायता, आपदा राहत और चिकित्सा सहायता सहित आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए 'ऑपरेशन ब्रह्मा' नाम से राहत मिशन शुरू किया था। भारत ने 24 घंटे से भी कम समय में म्यांमा को मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) सामग्री की पहली खेप पहुंचाई थी। भारत ने म्यांमा से लगभग 400 किलोमीटर दक्षिण में थिलावा बंदरगाह पर नौसेना के एक पोत से शनिवार को 442 मीट्रिक टन खाद्य सामग्री पहुंचाई। यंगून स्थित भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''भूकंप से प्रभावित लोगों की जरूरतों को पूरा किया जा रहा है।

### तेलंगाना में 86 नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया

**हैदराबाद :** छत्तीसगढ़ के प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) के 86 सदस्यों ने शनिवार को तेलंगाना के भद्राद्री कोठागुडेम जिले में पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। आधिकारिक विज्ञप्ति में बताया गया कि चार एरिया कमेटी सदस्यों समेत 86 नक्सलियों ने नक्सलवाद का हिंसक रास्ता छोड़कर अपने परिवार के साथ शांतिपूर्ण जीवन जीने का फैसला किया। उन्होंने मल्टी जोन-1 के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) एस चंद्रशेखर रेड्डी के समक्ष आत्मसमर्पण किया।

### कांग्रेस की नरमी के कारण वक्फ बोर्ड नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं : कंगना रनौत

**शिमला :** भाजपा सांसद कंगना रनौत ने शनिवार को आरोप लगाया कि वक्फ बोर्ड के प्रति कांग्रेस की ''नरमी'' के कारण वे नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। अभिनेत्री से नेता बनीं रनौत ने कहा कि संसद द्वारा पारित वक्फ (संशोधन) विधेयक बड़े पैमाने पर ''भूमि हड़पने'' के मुद्दे का समाधान करेगा। मंडी निर्वाचन क्षेत्र के मझवाड़ इलाके में जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए रनौत ने वक्फ विधेयक के पारित होने का स्वागत किया और दावा किया कि आजादी से पहले ही वक्फ बोर्ड के गठन के पीछे एक बड़ी साजिश थी। उन्होंने आरोप लगाया कि इसका खामियाजा आज भी पूरा देश भुगत रहा है। भाजपा सांसद ने दावा किया कि नया कानून बड़े पैमाने पर अतिक्रमण के मुद्दे का समाधान करेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि वक्फ बोर्ड के नाम पर बड़े पैमाने पर जमीन हड़पी गई हैं। रनौत ने दावा किया कि भ्रष्टाचार बहुत है और सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ''देश को साफ'' कर रहे हैं। रनौत ने कहा, ''कोई भी व्यक्ति, समुदाय या संगठन कानून से ऊपर नहीं हो सकता और यह विधेयक वक्फ बोर्ड को कानून के दायरे में लाएगा।''

## दिल्ली सरकार ने आयुष्मान भारत योजना शुरू करने के लिए केंद्र के साथ समझौता किया



**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान योजना) को लागू करने के लिए शनिवार को केंद्र के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इसके साथ ही, दिल्ली इस स्वास्थ्य बीमा योजना को लागू करने वाला 35वां राज्य/केंद्र शासित प्रदेश बन गया। पश्चिम बंगाल अब एकमात्र ऐसा राज्य है, जिसने इस योजना को लागू नहीं किया है। आयुष्मान भारत योजना 27 विशेषज्ञताओं में 1,961 चिकित्सा प्रक्रियाओं के लिए मुफ्त और 'कैशलेस' उपचार प्रदान करती है, जिसमें दवाओं, नैदानिक सेवाओं, अस्पताल में भर्ती होने, आईसीयू देखभाल, सर्जरी और अन्य लागत शामिल हैं। इस योजना के तहत, दिल्ली में पात्र परिवारों को 10 लाख रुपये तक का वार्षिक स्वास्थ्य कवर मिलेगा, जिसमें से पांच लाख रुपये केंद्र और शेष पांच लाख रुपये दिल्ली सरकार प्रदान करेगी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सहित अन्य आला नेताओं की मौजूदगी में दिल्ली सरकार और राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण, आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना के कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार शीर्ष निकाय है।

### वक्फ के बाद अब संघ की नजर ईसाइयों की भूमि पर: राहुल

**नयी दिल्ली :** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को आरोप लगाया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की नजर वक्फ के बाद अब ईसाई समुदाय की भूमि पर पड़ गई है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि संविधान रूपी ढाल से ही सबकी रक्षा की जा सकती है। राहुल गांधी में संघ समर्थक पत्रिका 'ऑर्गनाइजर' के एक लेख पर आधारित खबर का 'स्क्रीनशॉट' साझा करते हुए 'एक्स' पर पोस्ट किया, मैंने कहा था कि वक्फ विधेयक अभी मुसलमानों पर हमला करता है लेकिन भविष्य में अन्य समुदायों को निशाना बनाने की मिसाल बनेगा। संघ को ईसाइयों की ओर अपना ध्यान ले जाने में देर नहीं लगी।'' उन्होंने कहा, संविधान ही एकमात्र ढाल है जो हमारे लोगों को ऐसे हमलों से बचाता है और इसकी रक्षा करना हमारा सामूहिक कर्तव्य है।

# समीक्षा स्पोर्ट्स

### विश्व मुक्केबाजी कप: जामवाल 65 किग्रा के फाइनल में


**नयी दिल्ली :** भारत के अभिनाश जामवाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इटली के जियानलुइगी मलंगा को हराकर ब्राजील के फोज डो इगुआकु शहर में चल रहे विश्व मुक्केबाजी कप के 65 किग्रा वजन वर्ग के फाइनल में प्रवेश किया। इस 22 वर्षीय भारतीय मुक्केबाज ने मलंगा की पहुंच से दूर रहने के लिए अपनी लंबाई और गति का अच्छा इस्तेमाल किया। उन्होंने 5-0 के सर्वसम्मत मतों से जीत हासिल की। पांच में से चार जजों ने जामवाल को परफेक्ट 30 अंक दिए।

### पंत पर 12 लाख रुपये का जुर्माना, दिग्वेश ने फिर गंवाई आधी मैच फीस

**लखनऊ :** लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ शुक्रवार को यहां खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। किसी भी गेंदबाजी टीम के लिए 20 ओवर पूरे करने का निर्धारित समय 90 मिनट है। लखनऊ की टीम निर्धारित समय से एक ओवर पीछे चल रही थी। इस कारण उसे अंतिम ओवर में 30 गज के बाहर एक क्षेत्ररक्षक कम रखने के लिए मजबूर होना पड़ा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया, 'आईपीएल आचार संहिता के धीमी ओवर गति से संबंधित अनुच्छेद 2.22 के तहत यह उनकी टीम का सत्र का पहला अपराध था, इसलिए ऋषभ पंत पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।'

## दिल्ली कैपिटल्स ने लगाई जीत की हैट्रिक

### सीएसके को 25 रनों से हराया



**चेन्नई :** दिल्ली कैपिटल्स ने बल्लेबाजों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को 25 रनों से हराया। दिल्ली की यह लगातार तीसरी जीत है और आईपीएल 2025 में उसका अजेय अभियान जारी है। दिल्ली ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट पर 183 रन बनाए। जवाब में सीएसके की टीम 20 ओवर में पांच विकेट पर 158 रन ही बना सकी। सीएसके की यह लगातार तीसरी हार है। इससे पहले उसे राजस्थान रॉयल्स और आरसीबी के खिलाफ भी हार मिली थी। लक्ष्य का पीछा करते हुए सीएसके की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 74 रन के अंदर ही पांच विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद विजय शंकर और महेंद्र सिंह धोनी ने छठे विकेट के लिए 84 रन की साझेदारी की, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। विजय शंकर ने शानदार बल्लेबाजी की और 54 गेंदों पर पांच चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 69 रन बनाए, जबकि धोनी 26 गेंदों पर एक चौका और एक छक्के की मदद से 30 रन बनाकर नाबाद रहे। दिल्ली की ओर से विपराज निगम ने दो विकेट झटके, जबकि मिचेल स्टार्क, मुकेश कुमार और कुलदीप यादव को एक-एक विकेट मिले। चेन्नई का शीर्ष क्रम इस मैच में एक बार फिर प्रभावशाली प्रदर्शन नहीं कर सका। सीएसके के लिए इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे शिवम दुबे ने 18 रन, डेवोन कॉनवे ने 13, कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने पांच और रचिन रवींद्र ने तीन रन बनाए।

## प्रधानमंत्री मोदी ने श्रीलंका दौरे पर 1996 विश्व कप विजेता टीम के सदस्यों से मुलाकात की



**कोलंबो :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1996 विश्व कप जीतने वाली श्रीलंकाई क्रिकेट टीम के सदस्यों से शनिवार को बातचीत की और कहा कि उनकी इस जीत ने अनगिनत खेल प्रेमियों का ध्यान आकर्षित किया था। प्रधानमंत्री मोदी श्रीलंका की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं। प्रधानमंत्री शुक्रवार रात द्विपक्षीय चर्चा और दोनों देशों के बीच कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर के लिए यहां आये हैं। श्रीलंका ने लाहौर में खेले गये 1996 विश्व कपफाइनल में मार्क टेलर की अगुवाई वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम को सात विकेट से हराया था। मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, 'क्रिकेट कनेक्ट (क्रिकेट से बढ़ता मेल-जोल) 1996 की विश्व कप विजेता श्रीलंकाई क्रिकेट टीम के सदस्यों से बातचीत करके बहुत खुशी हुई।

## तिलक को रिटायर्ड आउट करना अच्छा नहीं था, लेकिन यह रणनीतिक फैसला था: जयवर्धने

**लखनऊ :** मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच माहेला जयवर्धने ने कहा कि लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान तिलक वर्मा को रिटायर्ड आउट करना अच्छा नहीं था लेकिन तब वह परिस्थितियों के अनुसार आक्रामक बल्लेबाजी नहीं कर पा रहे थे और इसलिए यह रणनीतिक फैसला किया गया। जयवर्धने ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, 'क्रिकेट में इस तरह की चीजें होती रहती हैं। और उसे बाहर करना अच्छा नहीं था लेकिन मुझे ऐसा करना पड़ा। यह उस समय एक रणनीतिक निर्णय था।' तिलक ने भारत की तरफ से टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दो शतक लगाए हैं। वह जब 23 गेंद पर 25 रन बना कर खेल रहे थे तब मुंबई की टीम ने उन्हें रिटायर्ड आउट करवा दिया और उनकी जगह मिशेल सेंटनर को भेजा गया जिनका स्ट्राइक रेट 106 है। मुंबई की यह रणनीति हालांकि कारगर साबित नहीं हुई और उसे 12 रन से हार का सामना करना पड़ा। जयवर्धने ने कहा, 'मुझे लगता है कि तिलक शुरू में अच्छी बल्लेबाजी कर रहा था। हमें उम्मीद थी कि वह तेज गति से रन बनाएगा लेकिन वह ऐसा नहीं कर पाया।' उन्होंने कहा, 'मैंने आखिरी कुछ ओवरों तक इस उम्मीद में इंतजार किया कि तिलक तेजी से रन बनाएगा क्योंकि उसने क्रीज पर कुछ समय बिताया था। लेकिन वह रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहा था और तब मुझे लगा कि किसी नए खिलाड़ी को उतारना सही होगा।'

## मुल्लांपुर में पंजाब ने गंवाया पांचवां मुकाबला, नेहल वढेरा और ग्लेन मैक्सवेल की मेहनत पर फिरा पानी



**मुल्लांपुर :** भारत के उभरते हुए स्टार यशस्वी जायसवाल (67 रन) ने समय पर फॉर्म में वापसी करते हुए बल्ले से कमाल दिखाया जिसके बाद जोफ्रा आर्चर (25 रन देकर तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी से राजस्थान रॉयल्स ने शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में पंजाब किंग्स को 50 रन से हरा दिया। चेन्नई सुपर किंग्स को पिछले मैच में हराने वाली राजस्थान रॉयल्स की यह दूसरी जीत है तो वहीं पंजाब किंग्स को तीन मैच में पहली हार का सामना करना पड़ा। जायसवाल अभी तक तीन मैच में एक, 29 और चार रन ही बना सके थे। लेकिन इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने फॉर्म में वापसी करते हुए 44 गेंद में तीन चौके और पांच छक्के जड़ित शानदार पारी खेली जिससे राजस्थान रॉयल्स ने चार विकेट पर 205 रन का स्कोर खड़ा किया। जायसवाल और कप्तान संजू सैमसन (26 गेंद में 38 रन) ने पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर के गेंदबाजी करने के फैसले के बाद पहले विकेट के लिए 89 रन की साझेदारी करके राजस्थान रॉयल्स को इस सत्र की सर्वश्रेष्ठ शुरुआत दिलाई तो वहीं पंजाब किंग्स की शुरूआत काफी खराब रही जिसने पहले ही ओवर में प्रियांश आर्य और श्रेयस अय्यर के विकेट गंवा दिए। दोनों जोफ्रा आर्चर की गेंद पर बोल्ड हुए। मार्कस स्टोइनिस सात गेंद ही खेल पाए थे कि संदीप शर्मा (21 रन देकर दो विकेट) ने अपनी ही गेंद पर उनका कैच लपककर पंजाब किंग्स को तीसरा झटका दिया जिससे चौथे ओवर में टीम ने 26 रन पर तीन विकेट खो दिए थे। नेहाल वढेरा (62 रन) और ग्लेन मैक्सवेल (30 रन) पांचवें विकेट के लिए अच्छा खेलते हुए बड़ी साझेदारी की ओर बढ़ रहे थे लेकिन श्रीलंका के दो स्पिनरों ने दोनों के बीच 52 गेंद में 88 रन की साझेदारी का अंत किया। 15वें ओवर की अंतिम गेंद पर महीश तीक्ष्णा (26 रन देकर दो विकेट) ने कैरम गेंद पर मैक्सवेल को जायसवाल के हाथों कैच आउट कराया। अगले ओवर की पहली गेंद पर वढेरा भी वानिंदु हसारंगा (36 रन देकर एक विकेट) की गेंद पर डीप मिड विकेट पर जुरेल को कैच दे बैठे। इससे 131 रन के स्कोर पर टीम ने पांचवां और छठा विकेट गंवाया। टीम इस तरह 20 ओवर में नौ विकेट पर 155 रन ही बना सकी।

## सिफत ने दिलाया अर्जेंटीना विश्व कप में भारत को पहला स्वर्ण पदक



**नयी दिल्ली :** भारतीय निशानेबाज सिफत कौर समरा ने अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में चल रहे एफ निशानेबाजी विश्व कप में महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन (3पी) के फाइनल में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके स्वर्ण पदक जीता। यह आईएसएसएफ विश्व कप में उनका पहला व्यक्तिगत स्वर्ण पदक है। फरीदकोट की रहने वाली 23 वर्षीय सिफत ने शुक्रवार देर रात टिरो फेडरल अर्जेंटीनो डी ब्यूनस आयर्स शूटिंग रेंज में सत्र के पहले विश्व कप में भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। विश्व रिकॉर्ड धारक सिफत नीलिंग पोजीशन में 15 शॉट के बाद जर्मनी की अनीता मैंगोल्ड से 7.2 अंक पीछे थी। उन्होंने हालांकि इसके बाद प्रोन और स्टैंडिंग पोजीशन में स्वप्निल वापसी करके पहला स्थान हासिल किया। सिफत 45 शॉट के फाइनल के बाद 458.6 अंकों के साथ पहले स्थान पर रही, जबकि मैंगोल्ड उनसे 3.3 अंक पीछे 455.3 अंक बनाकर दूसरे स्थान पर रही। कजाकिस्तान की जूनियर विश्व चैंपियनशिप की पदक विजेता अरीना अल्तुखोवा 445.9 के स्कोर के साथ 44वें शॉट के बाद बाहर होकर तीसरे स्थान पर रहीं।

# किफायती घरों की बिक्री जनवरी-मार्च में नौ प्रतिशत घटी: नाइट फ्रैंक



**नयी दिल्ली :** इस साल जनवरी–मार्च में देश के आठ प्रमुख शहरों में 50 लाख रुपये से कम कीमत वाले घरों की बिक्री ऊंची कीमतों, ऊंची ब्याज दरों और कम आपूर्ति के कारण नौ प्रतिशत घटकर 21,010 इकाई रह गई। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। संपत्ति सलाहकार फर्म नाइट फ्रैंक इंडिया की तरफ से जारी आंकड़ों से पता चला है कि 50 लाख रुपये से एक करोड़ रुपये के खंड में भी बिक्री छह प्रतिशत गिरकर 26,832 इकाई रही। रिपोर्ट के मुताबिक, उच्च मूल्य वर्ग में बिक्री बाजार की वृद्धि को बढ़ावा दे रही है, लेकिन 50 लाख से एक करोड़ रुपये और 50 लाख रुपये से कम कीमत की श्रेणियों में सालाना आधार पर क्रमशः छह प्रतिशत और नौ प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। दरअसल इस तिमाही में घर खरीदारों का ध्यान प्रीमियम श्रेणी पर रहा। सलाहकार फर्म ने कहा कि उच्च कीमतों और उच्च ब्याज दरों के कारण इस किफायती आवास खंड के खरीदार बाजार से दूर रहे। इसके अलावा घरों की आपूर्ति में सुस्ती ने भी बिक्री की मात्रा को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जनवरी–मार्च की अवधि में प्रीमियम और लक्जरी खंडों में अधिक दिल–चस्पी देखी गई। इसके उलट एक–दो करोड़ रुपये की कीमत वाले घरों की बिक्री में दो प्रतिशत की मामूली वृद्धि के साथ 22,330 इकाई रही। इस अवधि में इन शहरों में घरों की कुल बिक्री दो प्रतिशत बढ़कर 88,274 इकाई हो गई। नाइट फ्रैंक इंडिया ने यह रिपोर्ट दिल्ली–एन–सीआर, मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), कोलकाता, चेन्नई, पुणे, हैदराबाद, बेंगलुरु और अहमदाबाद के बाजारों से हासिल आंकड़ों पर जारी की है।

## ईरान की मुद्रा रियाल का भाव डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड निचले स्तर पर

**तेहरान :** अमेरिका के साथ तनाव में उलझे ईरान की मुद्रा रियाल शनिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड निचले स्तर पर फिसल गई। पारसी नववर्ष 'नवरोज' के दौरान मुद्रा विनिमय के प्रतिष्ठान बंद होने और सड़कों पर केवल अनौपचारिक कारोबार ही होने से रियाल का भाव 10 लाख रियाल प्रति डॉलर से नीचे आ गया था। इस त्योहारी अवकाश ने विनिमय बाजार पर अतिरिक्त दबाव बनाने का काम किया। शनिवार को मुद्रा कारोबार दोबारा शुरू होने पर रियाल की विनिमय दर और भी गिरकर 10.43 लाख रियाल प्रति डॉलर रह गई।

## रक्षा मंत्रालय ने तेलंगाना के आदिलाबाद हवाई क्षेत्र से असैन्य उड़ानों की मंजूरी दी

**नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्रालय ने तेलंगाना के आदिलाबाद में भारतीय वायु सेना के हवाई अड्डे से असैन्य उड़ानों का संचालन शुरू करने को मंजूरी दे दी है। कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी की तरफ से इस संबंध में रखी गई मांग पर रक्षा मंत्रालय ने यह मंजूरी दी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रेड्डी को चार अप्रैल को लिखे एक पत्र में कहा, रक्षा मंत्रालय आदिलाबाद के मौजूदा भारतीय वायुसेना के हवाई क्षेत्र को एक संयुक्त उपयोगकर्ता हवाई क्षेत्र के रूप में विकसित करने और इस मामले में जरूरी मदद देने के लिए तैयार है। वर्तमान में हैदराबाद हवाई अड्डा तेलंगाना का एकमात्र सक्रिय हवाई अड्डा है। हाल ही में वारंगल हवाई अड्डे को संचालन के लिए अपेक्षित मंजूरी मिली है। रेड्डी ने शनिवार को एक बयान में यह जानकारी देते हुए कहा कि वारंगल और आदिलाबाद में हवाई सेवाएं शुरू हो जाने के बाद तेलंगाना को अधिक उड़ान मार्गों का लाभ मिलेगा।

## टाटा कैपिटल ने दो अरब डॉलर के आईपीओ के लिए सेबी के पास दस्तावेज जमा किए

**नयी दिल्ली :** टाटा समूह की वित्तीय सेवा फर्म टाटा कैपिटल ने गोपनीय मार्ग के जरिये दो अरब डॉलर के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए बाजार नियामक सेबी के पास मसौदा दस्तावेज दाखिल किए हैं। सूत्रों के मुताबिक, निर्गम के इस आकार पर टाटा कैपिटल का मूल्य करीब 11 अरब डॉलर होने की उम्मीद है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी ने 10 रुपये अंकित मूल्य वाले इक्विटी शेयरों के अपने आईपीओ के संबंध में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष मसौदा दस्तावेज चार अप्रैल, 2025 को दाखिल किया है। इस आईपीओ में इक्विटी शेयरों के ताजा निर्गम के अलावा कुछ शेयरधारकों की तरफ से बिक्री पेशकश (ओएफएस) भी शामिल होगी। पिछले महीने शेयर बाजारों को दी गई सूचना के मुताबिक, प्रस्तावित आईपीओ में नए निर्गम और मौजूदा शेयरधारकों की बिक्री पेशकश के जरिये 2.3 करोड़ इक्विटी शेयर बिक्री के लिए रखे जाएंगे। गैर–बैंकिंग वित्त कंपनी (एनबीएफसी) के रूप में चिह्नित टाटा कैपिटल ने शुरुआती शेयर बिक्री के लिए पहले ही निदेशक मंडल की मंजूरी हासिल कर ली है। टाटा कैपिटल की मूल कंपनी टाटा संस के पास 92.83 प्रतिशत हिस्सेदारी है। इस निर्गम के सफल होने पर यह आईपीओ देश के वित्तीय क्षेत्र में सबसे बड़ी शुरुआती शेयर बिक्री होगी।

## अमेरिकी शुल्क से निपटने के लिए भारतीय निर्यातक प्रतिस्पर्धियों से बेहतर स्थिति में

**नयी दिल्ली :** भारतीय निर्यातक अमेरिका में बहुत अधिक आयात शुल्क का सामना कर रहे प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में अतिरिक्त अमेरिकी सीमा शुल्क से निपटने के लिए कहीं बेहतर स्थिति में हैं। शनिवार को सूत्रों ने यह बात कही। सूत्रों ने कहा कि अमेरिका के जवाबी सीमा शुल्क लगाने से प्रभावित होने वाले झींगा जैसे क्षेत्रों को निर्यात बढ़ाने के लिए यूरोपीय संघ जैसे नए बाजारों की तलाश करनी होगी। सूत्रों ने कहा, भारत अमेरिका की तरफ से दो अप्रैल से लगाए गए जवाबी सीमा शुल्क पर विजेता के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत जारी होने से भारत मौजूदा हालात से निपटने के लिए कहीं बेहतर स्थिति में है। दो अप्रैल से अमेरिका ने भारत पर अतिरिक्त 26 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया है जबकि वियतनाम को 46 प्रतिशत, चीन को 34 प्रतिशत, इंडोनेशिया को 32 प्रतिशत और थाईलैंड को 36 प्रतिशत सीमा शुल्क का सामना करना पड़ रहा है। सूत्रों ने यह भी कहा कि वाणिज्य मंत्रालय इन शुल्कों के बारे में घरेलू निर्यातकों से संपर्क कर रहा है। निर्यातकों को सहायता उपायों का विस्तार करने के लिए निर्यात संवर्धन मिशन तैयार करने का काम प्रगति पर है।






















वर्ष 10, पूर्णांक 4198 अंक 008, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता–700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता–700 015 से मुद्रित। सम्पादक– अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार–9874555256/7044444522, ई–मेल news@samagya.in